हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-123, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024



डीएम ने दिये राजस्व वसूली में खराब प्रगति वाले मंडी सचिव...02

विशेष संचारी रोग अभियान की हुई द्वितीय समीक्षा बैठक ...06

**LIC**

एलआईसी ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नियमों में किया बदलाव, एंट्री उम्र घटाई, प्रीमियम बढ़ाया!



बाजार में रही रौनक, सेंसेक्स 81,973 पर, निफ्टी 25,127 पर बंद

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का नाम रतन टाटा के नाम पर रखने को मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कैबिनेट ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय (एमएसएसयू) का नाम दिवंगत रतन टाटा के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को उच्च कौशल युक्त कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। यह महाराष्ट्र का पहला कौशल विश्वविद्यालय है। जहां इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और आईटी समेत अन्य सेक्टर्स में रोजगार के लिए स्किल कोर्स कराए जाते हैं और स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग भी दी जाती है। इसका उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना भी है, जिसमें युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी आय में वृद्धि करना, आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उद्योग को तैयार और योग्य कार्य बल प्रदान करना शामिल है।

### शिक्षक दंपती समेत एक ही परिवार के 4 लोगों ने की आत्महत्या

**एर्नाकुलम, एजेंसी।** कर्नाटक के एर्नाकुलम से एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, यहां एक ही परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने वालों में पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल है। इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं वार्ड सदस्य के ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। आपको बता दें कि इस घटना में मृतकों में एक पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं। पति और पत्नी दोनों शिक्षकों के रूप में काम कर रहे थे। जब वार्ड सदस्य ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। वहां, पुलिस को 12 वर्षीय बेटे और 9 वर्षीय बेटी के शव बिस्तर पर मिले। साथ ही, दंपति दोनों फांसी के फंदे पर लटके हुए पाए गए, जिससे यह दृश्य बेहद चौंकाने वाला और दुखद था।

### रोहित तिर्की के हत्यारों की पहचान कर अविलंब गिरफ्तार करे पुलिस प्रशासन: बाबूलाल मरांडी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बीते रविवार को रांची के लालपुर थाना अंतर्गत लोहरा कोचा बस्ती में स्व रोहित तिर्की के परिजन से उनके घर पर मुलाकात की। इस दौरान मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।मरांडी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम है। कही किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। उन्होंने कहा कि जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है जिसके घर ऐसी घटना होती है। मरांडी ने कहा कि पुलिस घटना के 3 दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। इसलिए पुलिस को अविलंब हत्या के घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए।

# बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंद

## भीड़ ने अस्पताल-गाड़ियों के शोरूम जलाए, कल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग हुई, एक युवक मारा गया



**बहराइच, संवाददाता।**

उत्तर प्रदेश के बहराइच में हालात बेकाबू हो गए हैं। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। लखनऊ से एसटीएफ

### ➲ बहराइच में सड़क पर पिस्टल लेकर उतरे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, हालत काबू करने पहुंचे एडीजी अमिताभ यश

चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी बहराइच पहुंच गए हैं। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर खदेड़ दिया। रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय के साथ विवाद हो गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 2० राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। इसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह शव घर पहुंचा तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव को घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समुदाय से लोग आएं, बैठकर बात करें, तभी समाधान निकलेगा। हिंसा में घायल दूसरे युवक राजन की हालत गंभीर है। उसको बहराइच से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। राजन वही शख्स है, जो सबसे पहले हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा को बचाने के लिए पहुंचा था। हिंसा का एक वीडियो शनिवार को सामने आया।यह वही का है, जहां से पथराव और आगजनी की शुरुआत हुई। इसमें दिख रहा है कि हिंसा में मारे गए युवक राम गोपाल मिश्रा को कुछ लोग पकड़कर छत से नीचे ले जा रहे हैं। इस दौरान भी कुछ लोग पथराव करते हुए नजर आ रहे हैं। हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही। सरकार ने 6 जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा है। पूरे इलाके को छावनी बनाया गया है। बहराइच के कबडिया टोला में उग्र भीड़ ने कई घरों में आग लगा दी। जब तक पुलिस पहुंची तब तक भीड़ जा चुकी थी। भीड़ ने 2 ट्रैक्टर, कई बाइक्स को जला दिया। बहराइच हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है। बड़ी संख्या में भीड़ लाठी-डंडे लेकर अंतिम संस्कार में शामिल हुई। भीड़ ने रास्ता भी जाम करने की कोशिश की। प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार से मांग की है कि हिंसा जल्द रोकी जाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा- योगी को इस्तीफा देकर मठ जाना चाहिए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने घटना को दुखद बताया है। सपा नेता एसटी हसन ने सरकार से मांग की है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। वहीं, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा- ये दुखद है कि दुर्गा पूजा विसर्जन पर लगातार पथराव हो रहा है।

### पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर गिर सकती है गाज

बहराइच हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद उत्पन्न जनाक्रोश को जिला प्रशासन और पुलिस भांप नहीं सकी। पुलिस और प्रशासन के साथ खुफिया महकमे (एलआईयू) से हुई चूक के कारण ही मामला इतना बढ़ गया। शासन स्तर पर बहराइच में हुई हिंसा की प्रारंभिक समीक्षा में यही सामने आया है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन और पुलिस के आला अफसरों को मौके के लिए रवाना किया। सूत्रों के मुताबिक मामला शांत होने के बाद बहराइच में पुलिस व प्रशासन के कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। मोहल्ले के आशीष अवस्थी ने बताया- हमारे इलाके में कभी ऐसा नहीं हुआ था। ऐसा बवाल पहली बार हुआ है। इसकी एक वजह यह है कि वो पूरे प्लान के साथ तैयार थे। जब लड़का अकेला घर की छत पर चढ़ा तो उसको वो लोग खींचकर ले गए।

### सीएम योगी कर रहे मामले की निगरानी




गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि बहराइच में पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात है। गृह सचिव को भी मौके के लिए रवाना किया गया है। मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी खुद पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं।

### अखिलेश ने कहा-जो हुआ वह दुखद हुआ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- बहराइच को लेकर सबसे पहले मेरी अपील है कि जो जो पक्ष उसमें है सभी कानून व्यवस्था बनी रहे इस दिशा में काम करें, जो घटना हुई वो दुःखद है।

## विश्व की सभी संसदों के बीच संवाद मानव कल्याण के लिए आवश्यक: ओम बिरला





**जिनेवा/नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है और विश्व की सभी संसदों मिलकर इनके लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वें सम्मेलन में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्री बिरला ने सोमवार को 'शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग' विषय पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान समय की कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस पर भारत का दृष्टिकोण रखा और कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से संसदें साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है और विश्व की सभी संसदों को मिलकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

## कानपुर में भीषण सड़क हादसा, कार सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत

**कानपुर, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उसमें जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दो ट्रकों के बीच कार के एक्सीडेंट में परखच्चे उड़े गए। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम और अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल को भेज दिया। मृतकों में चार लोग पीएसध्आइटी के छात्र हैं, जिसमें दो छात्राएं भी शामिल हैं।

## भारत ने की कनाडा में भारतीय उचायुक्त को तलब किये जाने की भर्त्सना



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा द्वारा भारतीय उचायुक्त एवं अन्य राजनयिकों को किसी मामले की जांच के सिलसिले में तलब किये जाने की कड़ी भर्त्सना की है और कहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वोट बैंक की राजनीति के लिए यह साजिश रची गई है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा, हमें कल कनाडा से एक राजनयिक संचार प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया गया है कि भारतीय उचायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में एक जांच से संबंधित मामले में रुचि के व्यक्ति हैं। भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को दृढ़ता से खारिज करती है और इन्हें ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे के लिए जिम्मेदार ठहराती है जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है।卐 बयान में कहा गया कि चूंकि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने सितंबर 2०23 में कुछ आरोप लगाए थे, हमारी ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडाई सरकार ने भारत सरकार के साथ सबूत का एक टुकड़ा भी साझा नहीं किया है। यह नवीनतम कदम उन बातचीतों के बाद उठाया गया है, जिनमें एक बार फिर बिना किसी तथ्य के दावे सामने आए हैं। इससे इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है कि जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची-समझी रणनीति है। बयान में कहा गया कि श्री ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साक्ष्य में है। उनकी 2०18 में भारत यात्रा, जिसका उद्देश्य वोट बैंक का समर्थन करना था, ने उनकी बेचैनी को बढ़ा दिया। उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया गया है जो भारत के संबंध में खुले तौर पर चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हैं।

## डॉक्टरों की भूख हड़ताल का आज 1०वां दिन

**कोलकाता, एजेंसी।**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले को लेकर जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन सोमवार को 1०वें दिन में प्रवेश कर गया है। इस मामले का समाधान निकालने के लिए आज पश्चिम बंगाल सरकार और विभिन्न डॉक्टर एसोसिएशन की अहम बैठक होने जा रही है। मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड स्थित मंच पर आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की संख्या घटकर अब छह रह गई है। दरअसल, अनशन पर बैठे डॉक्टर पुलस्त्य आचार्य की हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें रविवार देर रात को अस्पताल भर्ती कराया गया। आचार्य को रविवार रात करीब 11 बजे एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी अस्पताल में वह खुद जूनियर डॉक्टर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें लगातार भूख हड़ताल के कारण पेट में तेज दर्द और उल्टी की शिकायत हुई थी। पुलस्त्य आचार्य से पहले आरजी कर के अनिकेत महतो, कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अनुस्तुप मुखोपाध्याय और दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी स्थित नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आलोक वर्मा का स्वास्थ्य बिगड़ गया था, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसमें विभिन्न डॉक्टर संघ भी शामिल होंगे। यह बैठक सोमवार को दोपहर 12:3० बजे कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके साल्ट लेक में स्थित राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन में आयोजित की जाएगी।

## सूरजपुर में भारी बवाल, आक्रामक भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग, एसडीएम के साथ की मारपीट

**छत्तीसगढ़, एजेंसी।**



छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब की 32 वर्षीय पत्नी और 11 बेटी की हत्या के बाद आज भीड़ उग्र हो गई। इस भीड़ के आक्रामक होने पर वहां पहुंचे एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने दौड़कर अपनी जान बचाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। नाराज भीड़ ने आदतन आरोपी कुलदीप साहू के घर को आग के हवाले कर दिया है। आक्रामक भीड़ ने एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के साथ मारपीट की है वहीं एसपी के साथ धक्कामुक्की करने का मामला सामने आया है। भीड़ की द्वारा नेशनल हाईवे रोड पर बैठकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस डबल मर्डर की वारदात से सूरजपुर में तनाव की स्थिति है। आक्रोशित भीड़ ने थाने के सामने धरना दिया और जमकर नारेबाजी की है। घटना के विरोध में लोगों ने इलाके की सारी दुकानों को बंद कर दिया है। फिलहाल, सूरजपुर शहर और आस-पास के इलाके में तनावपूर्व स्थिति है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर भीड़ को काबू करने में जुटे हुए हैं। बीते रविवार की शाम को जब प्रधान आरक्षक तालिब और आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे। तब अचानक कुलदीप ने बिरयानी सेंटर से कड़ाही पर मौजूद गर्म तेल सिपाही घनश्याम पर उड़ेल दिया। बेहद गंभीर हालत में घनश्याम सोनवानी को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर कुलदीप साहू हमला कर फरार हो गया। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के बाद कुलदीप भैयाथान रोड स्थित रिंग रोड पर निवासरत प्रधान आरक्षक तालिब के घर पहुंचा और तालिब की पत्नी और बिटिया को बलपूर्वक उठा ले गया।

### आजम खान को बड़ा झटका

## सरकारी जमीन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की याचिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर दिया गया था और उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता आजम खान की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में जिरह के दौरान उन्होंने कहा कि अभी स्कूल में 3०० बच्चे पढ़ रहे हैं, लिहाजा उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट आदेश पर रोक लगाया जाए और प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा वाली पीठ ने यूपी सरकार को ये आदेश दिया कि राज्य सरकार ये सुनिश्चित करें वहां पढ़ रहे करीब 3०० छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके। दरअसल, हाईकोर्ट ने रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को सरकारी जमीन का पट्टा मामले में सपा नेता खिलाफ फैसला सुनाया था।

## एक जनवरी 2०25 तक पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर रहेगी रोक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने यहाँ सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2०25 तक लागू रहेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि सर्वविदित है कि पटाखों के इस्तेमाल से हवा की गुणवत्ता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है। सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। सरकार दिल्ली की जनता से प्रदूषण के खिलाफ इस सामूहिक लड़ाई में सहयोग और समर्थन की अपील करती है। दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी।



आतिशी ने मोदी से की मुलाक़ात

### खाने-पीने के चीजों की कीमतों का बढ़ना जारी

## सितंबर में खुदरा महंगाई दर उछलकर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची

### खुदरा महंगाई बढ़ने का ये है कारण

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगस्त महीने में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 थी।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर में सितंबर महीने में बड़ा इजाफा दिखा। खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंच गई। खुदरा महंगाई दर मध्यम अवधि में आरबीआई की ओर से तय किए गए लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई है। थोक महंगाई दर के आंकड़ों के बाद खुदरा महंगाई के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। सितंबर में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह इजाफा खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने के कारण हुआ।

### थोक महंगाई में भी इजाफा

सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह ०.07 फीसदी घटी थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी।

# डीएम ने दिये राजस्व वसूली में खराब प्रगति वाले मंडी सचिव एवं मंडी सभापति का स्पष्टीकरण के निर्देश

**➪ पराली जालने वालो के विरूद्ध की जाए सख्त कार्यवाही: जिलाधिकारी**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**




शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में माह सितम्बर के शासन द्वारा निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, फसल बीमा योजना, कुसुम योजना, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा के कार्यों, सड़कों का निर्माण, एम्बुलेंसों का संचालन, स्वास्थ्य सुविधाएं, राज्य वित्त/ 15 वित्त आयोग, पर्यटन विकास कार्यों, निपुण भारत अभियान, पोषण मिशन, मिड डे मील, गोवंशों का संरक्षण, शादी अनुदान योजना, मत्स्य संपदा योजना, पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्व कर्मा श्रम सम्मान योजना, पारिवारिक लाभ योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत कराया जाए जिससे देवीय आपदा आने पर किसानों के फसल नुकसान होने पर मुआवजा दिलाया जा सके। उन्होने कहा कि किसानों को फसल बीमा करने के लिए जागरूक भी किया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकों में लंबित कार्यों को तेज गति से कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण कराए गए कार्यो का भौतिक सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा निराश्रित गौ संरक्षण हेतु नवनिर्मित गौशालाओं में गोवंश रखने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गोवंश छोड़ने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई भी कीजिए। सहभागिता योजनान्तर्गत दिये गये गोवंशो का सत्यापन करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये साथ ही उन्होने कहा कि सत्यापन के उपरान्त ही उनका भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली में खराब प्रगति वाले मंडी सचिव एवं मंडी सभापति का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि रैंकिंग में सुधार लाए। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के अधिकारियों की वजह से जनपद की रैंकिंग खराब हो रही है अगर सुधार नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, जिन अधिकारियों की रैंकिंग अच्छी है वह यथा स्थिति बनाएं रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा की जाती है जो उनकी प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि जनपद की प्रगति अच्छी रहनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. सुरेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरके गौतम सहित और संबंधित अधिकारी मौजूदरहे।

## इंटर कॉलेज के संस्थापक का निधन होने पर कॉलेज में 2 मिनट का मौन रख कर दी गई श्रद्धांजलि


**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



लोहरदगा झारखंड। इंटर कॉलेज किस्को के संस्थापक लाल हरी किशोर नाथ शाहदेव का 9 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ़ के जशपुर में हार्ट अटैक आ जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर 2024 को पैतृक गांव होंदगा गांव में किया गया। जिसे लेकर कॉलेज किस्को में सोमवार को सभी टीचर एवं स्टूडेंट द्वारा 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही निधन पर दुख व्यक्त करते हुए मृत व्यक्ति की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके अलावा उनके सम्मान में कॉलेज दो दिन कक्षाएं स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि इंटर कॉलेज किस्को के संस्थापक लाल हरि किशोर नाथ शाहदेव का कॉलेज शुरू करने में बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिसके कारण ही आज हजारों बच्चे कॉलेज से पढ़कर अपना भविष्य बना चुके हैं। वहीं श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से प्राचार्य ओबैदुल्लाह परवेज, एमलेन मिंज, जफर इमाम, जानकी मुंडा अरुण कुमार, गुलनाज परवीन, लाल बहादुर भगत, तसर्रुफ सरवर, सुजीत भगत , शिबू उरांव, शाहिद अंसारी, वर्षा उरांव, बिरसी उरांव, भीखराम उरांव, धनेश्वर उरांव, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## याद किए गए 22वीं पुण्यतिथि पर मजदूर नेता नगीना पासवान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



धनबाद। सोमवार को झरिया के मजदूर नेता नगीना पासवान की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान, जितेंद्र पासवान, दलित सेना के अध्यक्ष दिनेश पासवान समेत कई लोगों ने झरिया के बस्ताकोला गौशाला मोड पर लगे मजदूर नेता नगीना पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि नगीना पासवान मजदूर मसीहा थे। उन्होंने गरीब शोषित मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की और मजदूरों को न्याय दिलाने का काम किया। आज हम सब उन्ही के बताए मार्गो पर चल कर मजदूरों की सेवा में जुटे हैं। नगीना बाबू हम सभी के अभिभावक समान थे। वह हमेशा हम सभी के प्रेरणास्रोत रहेंगे। इधर मजदूर नेता नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मजदूरों पर प्रबंधक दमनकारी नीति अपनाते थे उस समय मजदूरों को हक दिलाने उनकी सुरक्षा प्रदान करने समेत कई कार्य के लिए नगीना बाबू हमेशा संघर्ष करते रहे । 1990 के समय जब बीसीसीएल समेत अन्य कोलियरियों में मजदूरों की घोर कमी थी तो इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कर लगभग 8 हजार रिक्त पदों को भरवाने का काम किया। नगीना पासवान के मित्र रहे बस्ताकोला के पूर्व मुखिया रामबालक सिंह ने कहा आज अगर नगीना पासवान होते तो बीसीसीएल प्रबंधक इस तरह मजदूरों पर मनमानी नहीं करते।

## चंदा गांव का जला विद्युत ट्रांसफार्मर लोग अंधेरे में जीने को है मजबूर



**➤ ट्रांसफार्मर जल जाने से 30 दिन से नहीं मिली बिजली समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

झारखंड। हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत चंदा गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर बीते 1 महीने पहले जल गया, जिसके कारण रात को अंधेरे में लोगो को रहना पड़ रहा है। रात को अंधेरा पसरा रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों को खेतों की पटवन, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में परेशानी हो रही है। वहीं अंधेरे में सांप बिच्छू समेत अन्य विषैले जंतुओं को डसने का लोगों में भय व्याप्त है। इसे लेकर चंदा गांव के लोगों में बिजली विभाग के कर्मियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। हरिहरगंज प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान ने सोमवार को बताया कि चंदा गांव में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर बीते 1 महीने पहले जल गया है, लेकिन अभी तक बिजली विभाग के कोई कर्मी सुध लेने नहीं आया। मौके पर उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान के साथ लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द नए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। मांग करने वालों में अवधेश कुमार मेहता, अनुज मेहता, प्रदीप ठाकुर, विजय मेहता, उपेंद्र पासवान, अजय मेहता, रामजन्म मेहता, दिनेश मेहता, उपेंद्र मेहता, अमित पासवान, अभिषेक कुमार मेहता आदि का नाम शामिल है।

## 24 वां धनुष यज्ञ महोत्सव का होगा आयोजन

**➲ सामाजिक जनकल्याण सेवा समिति ने किया दरोगा अनूप मिश्रा का सम्मान**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**




उन्नाव। सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जनपद पुलिस नियंत्रण कक्ष / 112-आरओआईपी प्रभारी के रूप में पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को सम्मानित करके अभिनंदन किया गया, समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अनूप मिश्रा के सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की गई। मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा द्वारा पुलिस की ड्यूटी को बाखूबी निभाने के साथ साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और मिशन ग्रीन एंड क्लीन के जरिये उन्नाव को सुंदर स्वच्छ हरा भरा बनाने के लिये सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बैठक में शामिल समिति के के सदस्यों और सभ्रांत लोगों ने कभी कभी 112 पर फोन लाइन व्यस्त होने की वजह से , जल्द संपर्क न होने पर और आज कल चोरो के कारण या किसी अप्रिय घटना के कारण तत्काल पुलिस को कैसे सूचित करने के प्रशन पर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बताया की किसी को पुलिस को किसी सूचना को देकर तुरंत मदद की जरूरत हो तो आप पुलिस कंट्रोल रूम के 9454417447 नंबर ०515 282०368 पर काल करे उन्नाव जनपद पुलिस आपकी सेवा में आपके बताये स्थान पर तुरंत पहुँच कर आपकी मदद मे खड़ी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग किसी अप्रिय घटना या आकस्मिक दुर्घटना की विषम परिस्थितियों में इन नंबर पर सूचना देकर उन्नाव पुलिस की प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति की बैठक सिविल लाइन स्थित मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी के आवास पर संपन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह और 24 वें धनुष यज्ञ महोत्सव की रूप रेखा तय की गयी और कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग अवस्थी द्वारा संयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी और संचालन समिति महामंत्री धर्मेन्द्र सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक शैलेंद्र दीक्षित, योगेंश पांडेय, अनूप मिश्रा अपूर्व ( सब इंस्पेक्टर ) , ओम शंकर शुक्ल, सुरेश दिवेदी अधिवक्ता, प्रमोद शर्मा जी, शैलू शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, राजू दिवेदी,आदित्य मिश्रा, शैलेंद्र पांडेय, हिमांशु ,अजीत श्रीवास्तव ,आयुष मिश्रा,बीना पटेल,नितेश सैनी,अतुल अवस्थी,राधे श्याम मिश्रा सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर पराली प्रबंधन वाहन को रवाना किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**




शाहाबाद/हरदोई। पराली प्रबंधन के लिए जागरूकता वाहन को एसडीएम दीक्षा जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन तहसील शाहाबाद क्षेत्र के हर गांव में जाकर किसानों को पराली प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों और इसके वैकल्पिक उपयोगों की जानकारी किसानों तक पहुंचाएगा। एसडीएम ने कहा कि धान की फसल कटने के बाद अक्सर पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है और खेतों की उर्वरक क्षमता भी घटती है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है कि पराली जलाने से बचे और उसका सही उपयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि पराली का सही प्रबंधन करके किसान आर्थिक लाभ कमा सकते हैं। जैसे पराली को खाद्य के रूप में उपयोग करना या अन्य जगह बेचकर लाभ कमाना। जागरूकता अभियान के तहत बताया जाएगा कि गन्ने की पराली भी किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है और इसे जलाने से खेतों को नुकसान होता है। एसडीएम दीक्षा जोशी ने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने से बचें और इस जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। पराली जलाने पर कड़ी सजा और जुर्माने का प्रावधान है। जिससे बचने के लिए किसान इस अभियान से सीख लें और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर जागरूकता शिविर का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**




हरदोई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष माननीय राजकुमार सिंह तथा अपर जिला जज/सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह के आदेश अनुसार तहसील विधिक सेवा समिति सदर के द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरदोई में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुमन द्विवेदी जी के द्वारा की गई जिसमें प्रधानाचार्य महोदया के द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया शिविर में पीएलबी कीर्ति कश्यप के द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि शिक्षा के द्वारा ही बालिकाओं का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है बालिकाओं को शिक्षा के महत्व को समझते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायताओं के बारे में जानकारी प्रदान दी गयी।

## तीन वर्षो से किसानों की समस्याओ का निस्तारण न होने से भड़के किसानों ने अयोध्या धाम किया कूच

**➤ बघौली थाना व बेनीगंज थाने की सीमा पर कर अतरौलीं थाने के गोड़वा समीप प्रसासन ने रुकवाई यात्रा**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

हरदोई। तीन वर्षो से किसानों की समस्याओ का निस्तारण न होने से 2 अक्टूबर 2०24 से बघौली थाना क्षेत्र के गोडाराव बाजार मे धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 13 वे दिन तक लगभग 11 बजे कोई भी जुम्मेदार अधिकारी न पहुंचने से किसानों की सुनवाई न होने पर उनके सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए किसानों ने अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम के चरणों मे समस्या को बताने के लिए पैदल कूच कर दिया।बघौली थाना क्षेत्र के गोड़ाराव बाजार से यात्रा निकल कर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र की सीमा मे बरौली जा पहुंची। फिर बरौली से जखवा, गिरधरपुर अटवा,मुठिया, कोरोकला जमुखिया कोथावा से होते हुए रात्रि करीब 9 बजे हत्याहरण तीर्थ पर पहुंच गयी। सोमवार सुबह 11 बजे दर्जनों किसान पैदल हत्याहरण तीर्थ से भैंनगाव चौराहा, कल्यानमंन, शिवथाना, बंशीपारा, ऐमा, मीनाबाजार पहुंची। पैदल कूच कर रहे किसानों की अयोध्या धाम जाने की सुचना उपजिलाधिकारी संडीला को मिली। सुचना पर पहुचे नायाब तहसीलदार संडीला अंकित तिवारी पहुंच कर पैदल कूच करने का कारण पूछा।किसानों द्वारा पैदल कूच करने के विषय मे किसान शक्ति महासभा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज शुक्ला द्वारा व भारतीय किसान यूनियन इण्डिया गुट की महिला जिलाध्यक्षा रेखा दीक्षित दिव्यांग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत ने कहा कि पूर्व द्वारा कईं ज्ञापन दिए जा चुके है।उन पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। हम लोग अधिकारीयो से कहते कहते थक चुके है। अब हम लोग प्रभु श्रीराम ज़ी से विनती कर अपनी समस्या को निदान करवाने के लिए निवेदन करेंगे। अंकित तिवारी ने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम ने दूत बनाकर भेजा है। आप लोग मान जाओ सभी समस्याओ का निस्तारण करा दिया जायेगा। लेकिन भड़के किसान ने उनको छोड़ पैदल मीनाबाजार से चलकर गढ़ी,नेवादा होते हुए अतरौली थाने की सीमा मे 1 बजे प्रवेश कर गयी।अतरौली थाने की सीमा मे गोड़वा पहुंचने पर बेनीगंज कोतवाल बृजेश राय, अतरौली थाना प्रभारी दिलेश सिंह,नायाब तहसीलदार संडीला अंकित तिवारी व सदर तहसीलदार हरदोई अनुज कुमार किसानों को मनाने के लिए पहुंचे और उसने वार्ता करने लगे। शाम 5-3० तक किसानों से वार्ता के बाद समस्याओं के निराकरण का आश्वासन जल्द से जल्द करने को कहा लेकिन भड़के किसान मानने के लिए तैयार नहीं हुए फिलहाल दोनों थानो की पुलिस उनको गोड़वा चौराहे पर रोके हुये है।इस मौके पर अनुपम मिश्रा, रामलखन मौर्या, छोटेलाल वर्मा, घनश्याम, छोटू वर्मा,रामकुमारी, रामवती, शिवरानी, रामकली आदि मौजूद रहे।

## आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ बोले मनोज धनवार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ**



असम। भाजपा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आई गिरावट के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती नहीं की है। इसके उलट राज्य सरकार ने असम में फिर पेट्रोल के दाम बढ़ाकर लोगों को काफी परेशानी में डाल दिया है ।दुर्गा पूजा के उल्लासपूर्ण त्योहार के बीच वैट बढ़ाकर पेट्रोल की कीमत में एक रुपये एक पैसे प्रति लीटर में बढ़ोतरी की गई है। हम आम आदमी पार्टी मांग करते हैं कि सरकार इस फैसले को वापस ले। 卐 आप के प्रदेश अध्यक्ष मनोज धनवार ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में पेट्रोल की कीमत बढ़ाने के फैसले को वापस लेने की मांग की है ।सरकार के जनविरोधी फैसले के खिलाफ बोलते हुए अध्यक्ष धनवार ने कहा, %ईंधन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के साथ, सभी प्रकार की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। उत्पादन और परिवहन की लागत में वृद्धि होगी। इसके फलस्वरूप साधारण जनता को दैनिक जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। राज्य सरकार को सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद पेट्रोल की कीमत वृद्धि को वापस लेने का निर्णय लेना चाहिए। आम आदमी पार्टी जनता पर अत्यधिक कर बोझ डालने के फैसले का समर्थन नहीं करती है। 卐 इतना ही नहीं, अध्यक्ष धनवार ने आरोप लगाया है कि हजारों करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ उठाने में असमर्थ राज्य सरकार लोगों पर टैक्स का आतंक चला रहे है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में सभी दैनिक आवश्यकताओं की कीमतें बढ़ गई हैं। आप के असम अध्यक्ष मनोज धनवार ने कीमतों पर अंकुश लगाने में राज्य आपूर्ति विभाग की विफलता के खिलाफ भी बात की है ।

## रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

**➲ विगत 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चित हड़ताल पर**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। दुर्गा पूजा सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर से झारखंड की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का आंदोलन चरम पर है। पिछले 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का जुटान हुआ।धरना प्रदर्शन के माध्यम से इन्होने अपनी आवाज को बुलंद किया।राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग समेत सेवा शर्त नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए समय पर मानदेय वार्षिक वृद्धि का लाभ दिया जाए। सहायक अध्यापक के तर्ज पर सेविका सहायिकाओं के लिए मानदेय का प्रावधान किया जाए. मानदेय का केंद्रीय एवं राज्य के अंश का भुगतान एक साथ प्रति माह नियमित समय पर किया जाए आदि मांगे है।

## राम और भरत के मिलन से गूंजा नगर, उमड़ा भक्तों का विशाल जनसैलाब

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**




शाहजहांपुर। खिरनी बाग नगर की ऐतिहासिक रामलीला में रविवार को निकली भव्य राजगद्दी शोभायात्रा का समापन सोमवार को भरत मिलाप लीला मंचन के साथ हुआ। सोमवार सुबह चौक स्थित श्री राम मंदिर के समक्ष भरत मिलाप की परंपरा ने नगर को भक्तिरस में डुबो दिया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पावन दृश्य को देखने उमड़ पड़े।रामलीला समिति के संरक्षक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस अवसर पर गुरु वशिष्ठ की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रभु श्री राम का विधिवत राज्याभिषेक कर आरती उतारी। इसके पश्चात, राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान के रूपों को मंदिर में ले जाया गया, जहां भक्तों ने पुष्प वर्षा और भोग अर्पित कर उनका स्वागत किया। विशेष रूप से, सोमवार को भरत मिलाप के लिए मंदिर के सामने भव्य मंच सजाया गया। जैसे ही हनुमान जी ने भरत और शत्रुघ्न को राम और लक्ष्मण के वनवास से लौटने का समाचार दिया, दोनों भाई नंगे पैर अपने बड़े भैया से मिलने दौड़े। चारों भाइयों के गले मिलने का हृदयस्पर्शी दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। भाइयों के इस अद्भुत प्रेम को देखकर भक्तों ने जोरदार पुष्प वर्षा की, और सियापति रामचंद्र की जय, वीर हनुमान की जय, और जय श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस परंपरागत आयोजन में हमेशा की तरह रामजानकी मंदिर समिति व चौक वासीयों ने रात भर जाग कर सराहनीय व्यवस्था की। इस आयोजन को देखने के लिए सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग मंदिर और आसपास की दुकानों की छतों पर जमा हुए। भरत मिलाप के बाद, श्री राम मंदिर में सभी देव स्वरूपों की आरती उतारी गई, और श्रद्धालुओं ने उनके चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंच पर श्री राम का राजतिलक कर भव्य आरती की गई। राज्याभिषेक के उपरांत, राजगद्दी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मंदिरों में गई, जहाँ प्रत्येक मंदिर में आरती और भोग का आयोजन किया गया। इस भव्य शोभायात्रा का समापन दलेलगंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर में हुआ, जहां भक्तों ने प्रभु श्री राम की आरती उतारी एवं भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया और जय-जयकार करते हुए आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। राम और भरत के इस मिलन ने न केवल भक्तों को भावुक कर दिया, बल्कि इस दिव्य आयोजन ने रामायण के भाईचारे और प्रेम की शिक्षा को भी जीवंत कर दिया। इस आयोजन में प्रमुख रुप से सुरेश कुमार खन्ना कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मेला समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव के साथ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, चंद्रशेखर खन्ना, अजय प्रताप यादव , सचिन बाथम, सुरेंद्र सिंह सेठ ,राम चंद्र सिंघल, सुरेश सिंघल, नरेंद्र मिश्रा गुरु , नीरज बाजपेई , मनीष खन्ना, नितेश गुप्ता, संजीव सक्सेना, अनूप गुप्ता, अनिल वाजपेई ,जितेंद्र वर्मा , राजेन्द्र बहल, , सुनील सैनी , डा. सत्य प्रकाश मिश्रा, आनंद मिश्रा, दिवाकर मिश्रा , अतुल अग्निहोत्री, संजय अग्रवाल, दिलीप कुमार गुप्ता, अनूप कुमार सिंह पिंटू ,राजेश गंगवार, संजीव राठौर ,राजेश कुमार, गुप्ता ,सौरभ गुप्ता सुशील गुप्ता, राजनाथ मिश्रा, संजीव सक्सेना ,रमेश यादव ,विनोद कुमार, नीतू गुप्ता, प्रदीप सिंह, रोहित पांडे, दिव्यांग सिंघल ,शेखर रस्तोगी उपस्थित रहे।

# पुलिस के अत्याचार से समूचा प्रदेश दहला : अजय राय

❑ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने स्व अमन गौतम के परिजनों से की मुलाकात, पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को स्व अमन गौतम के विकास नगर स्थित आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।उन्होंने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता व मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग की है।यूपी कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया कि मुलाकात के दौरान मृतक अमन गौतम की बहन ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से कहा कि पुलिस ने उनके भाई को बिना वजह मार दिया है, हम दोषियों को सजा दिलाकर ही चैन लेंगे।इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजय राय ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार खासतौर पर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, वंचितों पर अत्याचार कर रही है। पुलिस के अत्याचार से पूरा प्रदेश दहला हुआ है, समूचे प्रदेश में आराजकता का माहौल है।श्री राय ने सरकार को घेरते हुए कहा कि अमन की मौत के बाद न्यायोचित कार्यवाही की मांग कर रहे परिजनों, खासतौर से महिलाओं को अपमानित किया गया, जो इस सरकार की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, अरशद खुर्शीद,, ललन कुमार, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, नितिन शर्मा, डॉ शहजाद आलम,डॉ अलीमुल्लाह खान, शैलेन्द्र तिवारी बब्लू, अरशद आज़मी, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बदमाशों ने कक्षा 6 के छात्र को घर के पास से किया अगवा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। बंथरा इलाके में सोमवार दिनदहाड़े चार पहिया वाहन सवार बदमाशों ने कक्षा 6 के एक छात्र को उसके घर के पास से अगवा कर लिया। करीब 4 किलोमीटर दूर जाने के बाद बदमाश गाड़ी खड़ी कर वहीं पर टहलने लगे। इसी बीच मौका पाकर छात्र चुपके से गाड़ी से उतर कर भाग निकला। पीड़ित परिजनों ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बंथरा के बनी स्थित नारायन खेड़ा निवासी किसान रज्जन लाल के मुताबिक उन्नाव जिले के हसनगंज थानान्तर्गत धौरा गांव निवासी उनका दामाद विवेक कुमार विदेश में नौकरी करता है। जबकि 12 वर्षीय नाती संस्कार कश्यप अपनी मां वर्षा के साथ ननिहाल में रहकर पास के एक निजी स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है। रज्जन का कहना है कि संस्कार सोमवार दोपहर स्कूल से पढ़ाई का घर लौटा। जहां अपराह्न करीब 1:30 बजे मां के कहने पर वह घर से कूड़ा लेकर सामने ही फेंकने गया था। लेकिन काफी देर बाद भी संस्कार वापस घर नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। उन्होंने परिचितों व रिश्तेदारों को सूचना कर पता लगाया, लेकिन संस्कार का कुछ पता नहीं चल सका। इसी बीच शाम करीब 4 बजे मजदूरी कर वापस लौट रहे रज्जन के रिश्तेदार बंथरा के ही भटगांव स्थित हसन खेड़ा निवासी रिन्शू कश्यप को बदहवास हालत में प्रसाद हॉस्पिटल के दूसरी तरफ मिला। इस पर रिंशू कश्यप ने उसे रज्जन के घर पहुंचाया। जहां पूछताछ में संस्कार ने बताया कि जब वह कूड़ा फेंकने बाहर निकाला था, तभी चार पहिया वाहन सवार चार अज्ञात लोगों ने उसे उठा कर जबरन अपनी गाड़ी में डाल लिया और वहाँ से लेकर चले गए। करीब 4 किलोमीटर दूर पहुंचने के बाद चारों गाड़ी खड़ी कर नीचे उतर गए और टहलने लगे। इसी दौरान मौका पाकर संस्कार वहां से भाग निकला। यह जानकारी होने के बाद रज्जन ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देने के साथ ही बंथरा थाने पहुंच कर मामले की लिखित तहरीर दी। फिलहाल पुलिस संस्कार से पूछताछ कर रही है। वहीं थाना प्रभारी राम सिंह का कहना है कि बीते दिनों हुई परीक्षा में संस्कार को कम नंबर मिले थे। इस पर उसकी मां ने डांट दिया था। जिससे नाराज होकर संस्कार घर से चला गया था।

## नवरात्रि पर संस्था ने अनाथ बालिकाओं को किया खाद्य सामग्री का वितरण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। सामाजिक संस्था ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन ने नवरात्रि पर कन्या भोज का आयोजन किया गया और अनाथ बालिकाओं को खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का वितरण लीलावती मुंशी बाल गृह अनाथ आश्रम मोती नगर चारबाग, लखनऊ पर किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने अनाथ बालिकाओं एवं बच्चों को खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का वितरण किया।इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा अनीता चौधरी, सचिव आदित्य चौधरी, रविकान्त चौधरी, राजेश कुमार, श्याम मौर्य, राकेश सिंह ,देवांश तिवारी, मीरा कुमारी, शुभम रावत आदि मौजूद रहे।

## लविवि: विधिक संकाय को मिला नॉलेज स्टीज़ एक्सीलेंस अवार्ड

➲ 31 से अधिक कॉलेजों में से पहले 5 में बनाई अपनी जगह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विधिक सहायता केन्द्र को सामाजिक न्याय और कानूनी सहायता में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विधि संकाय को प्रतिष्ठित नॉलेज स्टीज एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 13 अक्टूबर को नई दिल्ली में इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ में आयोजित 13वें इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन ह्यूमन राइट्स एंड जेंडर जस्टिस के तहत दिया गया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार में विधिक सहायता केन्द्र ने 31 से अधिक प्रतिभागी कॉलेजों में से पहले 5 में अपनी जगह बनाई। विश्वविद्यालय प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपलब्धि विधिक सहायता केन्द्र की समर्पित टीम और उनके निष्ठावान प्रयासों का परिणाम है, जो निरंतर सामाजिक न्याय और कानूनी सहायता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत हैं। यह सम्मान विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो.(डॉ) बी डी सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी तथा प्रो–बोनो क्लब के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से सफलता पूर्वक प्राप्त हुआ। यह सम्मान न केवल विधिक केन्द्र की उपलब्धि है, बल्कि लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है, जो कानूनी शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संकाय के तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# आलू बीज की विक्रय दरों में की गई कमी

➢ गुणवत्तायुक्त प्रमाणित आलू बीज से प्रदेश के आलू उत्पादन में होगी वृद्धिः दिनेश प्रताप सिंह

➢ आधारित प्रथम 2995 एवं द्वितीय 2595 रूपये प्रति कुंतल आलू बीज दर निर्धारित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार में किसान हित के दृष्टिगत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के किसानों एवं आलू उत्पादकों के हित को देखते हुए वर्ष 2024-25 के लिए आलू बीज वितरण व विक्रय की दरें निर्धारित करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजकीय आलू बीज की उपलब्धता कृषकों को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के किसानों को बीजोत्पादन के लिए विक्रय के लिए विभागीय दरों में 500 रुपये प्रति कुन्तल की दर में कमी करके विक्रय दर (शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छोड़कर) निर्धारित कर दी गई है।उद्यान मंत्री श्री सिंह ने बताया कि निर्धारित दरों के अनुसार अब आधारित प्रथम आलू 2995 रूपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 2595 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 2270 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 2210 रूपये प्रति कुंतल तथा आधारित प्रथम आलू टूथफूल 2180 रूपये प्रति कुंतल बीज हो गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की बीज विक्रय दरें एक समान है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को नकद मूल्य पर आधारित प्रथम, द्वितीय तथा प्रमाणित आलू बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दरों पर प्रदेश के कृषक अपने जनपदीय उद्यान अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर आलू बीज का उत्पादन कर सकते हैं।यह आलू बीज आधारित प्रथम, आधारित द्वितीय तथा प्रमाणित श्रेणी का है, इससे आगामी वर्षो के लिए बीज तैयार किया जा सकता है, जिससे प्रदेश में आलू के गुणवत्तायुक्त बीज की कमी की पूर्ति होगी। प्रदेश के किसान भाई जनपद के उद्यान अधिकारी से मिलकर निर्धारित दरों पर आलू बीज प्राप्त कर अपने निजी प्रक्षेत्रों पर बीज उत्पादन कर सकते हैं। इससे पहले आलू बीज की विक्रय दर आधारित प्रथम 3495, आधारित द्वितीय 3095, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 2770, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 2710 तथा आधारित प्रथम टूथफूल 2680 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित की गई थी।उद्यान मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग 6.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए लगभग 24- 25 लाख मैट्रिक टन आलू बीज की आवश्यकता होगी। उद्यान विभाग लगभग 40- 45 हजार कुन्तल आधारित श्रेणी का आलू बीज किसानों में बीज उत्पादन के लिए वितरित करेगा।जिससे किसानों द्वारा अग्रेतर श्रेणी का बीज उत्पादन कर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त बीज की कमी को पूरा करने में सहभागी हो सकते हैं। गुणवत्तायुक्त प्रमाणित आलू बीज से प्रदेश के आलू उत्पादन में वृद्धि होगी।निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि मार्च 2023 में प्रदेश के राजकीय प्रक्षेत्रों पर उत्पादन के लिए सीपीआरआई, भारत सरकार से 9214.94 कुन्तल जनक (ब्रीडर) आलू बीज प्राप्त कर राजकीय प्रदेश के 21 राजकीय प्रक्षेत्रों पर कुल 224.83 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू बीज का उत्पादन कराया गया, जिससे 45168.50 कुन्तल आधारीय एवं टीएल श्रेणी के आलू बीज (कुफरी बहार, कुफरी चिप्सोना-1 एवं 3, कुफरी आनन्द, कुफरी पुखराज, कुफरी सूर्या, कुफरी ख्याति, कुफरी सिन्दूरी, कुफरी फ्राईसोना, कुफरी मोहन, कुफरी गंगा, कुफरी नीलकण्ठ, कुफरी लवकार एवं कुफरी बादशाह) का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे राजकीय शीतगृह अलीगंज, लखनऊ तथा मोदीपुरम, मेरठ में भण्डारित किया गया। भण्डारित आलू बीज का प्रदेश के समस्त जनपदों को आवंटित कर किसानों के मध्य नकद मूल्य पर वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रसंस्कृत प्रजातियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था से पंजीकरण के उपरान्त आलू बीज उत्पादन की बैगिंग, टैगिंग कराने पर किसानों को 25 हज़ार रुपये प्रति हैक्टेयर की दर से अनुदान की व्यवस्था है। आलू बीज की प्रसंस्कृत प्रजातियां कुफरी चिप्सोना-1 एवं 3, कुफरी फ्राईसोना तथा कुफरी सूर्या हैं।

## समाचार

### डा. कलाम की जयंती पर छात्रों के नवाचार आइडिया को मिलेगा प्रोत्साहन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति मिशाइलमैन ऑफ इंडिया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर नेक्स्ट जेन कलाम इनोवेशन स्प्रिंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के नवाचारी छात्रों के 300 आइडिया में से शॉर्टलिस्टेड 40 आइडिया की प्रस्तुति होगी। जूरी मेंबर्स आइडिया का विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन करेंगे। जिसमें से टॉप थ्री आइडिया को चयनित किया जाएगा। चयनितों को 50, 30 और 20 हजार तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। जबकि 40 आइडिया में से चयन कर विश्वविद्यालय के कलाम पेटेंट सेंटर के अंडर में निःशुल्क पूर्ण पेटेंट दिया जाएगा। इसके अलावा इन्क्युबेशन सहायता भी दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय करेंगे। जबकि कार्यक्रम का नेतृत्व डीन इनोवेशन प्रोफेसर बी एन मिश्रा, समन्वय एसोसिएट डीन डॉ अनुज कुमार शर्मा करेंगे।

### लापता बुजुर्ग महिला को बिजनौर पुलिस ने खोज परिवार को सौंपा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



सरोजनीनगर। बिजनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिन सोमवार को समय लगभग 11:30 बजे बलराज मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय मुल्क राज मल्होत्रा निवासी 589 / 416 सुभाष नगर तेलीबाग थाना पीजीआई की माता संध्या घर से बिना बताए कहीं चली गई थी, जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा काफी प्रयास के बाद थाना बिजनौर के अंतर्गत चौकी औरंगाबाद आशीष राजपूत के नेतृत्व में स्वप्निल सौभाग्य सिटी के पास जो रास्ते में बेहोश हो गई थी। जिन्हें पुलिस ने तत्काल उपचार करा कर उनके पुत्र बलराज को सुपुर्द किया। बुजुर्ग महिला के मिलते ही पूरे पुलिस टीम इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने दिया धन्यवाद व आभार ।

### पार्षद गीता देवी गौरी में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



सरोजनीनगर। राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र के अंतर्गत पार्षद गीता देवी गुप्ता ने दिन सोमवार को गौरी में एक महत्वपूर्ण सड़क का उद्घाटन किया। पार्षद ने बताया कि माता रानी की कृपा से और लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद कौशल किशोर, विधायक राजेश्वर सिंह के आशीर्वाद से इस परियोजना की कुल लागत 8 लाख 92 हजार रुपये है, जो क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय जोड़ती है। शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए और पार्षद का स्वागत किया।इस अवसर पर गीता देवी गुप्ता ने कहा, 卐यह सड़क न केवल लोगों की यात्रा को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। हम हमेशा से नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते रहे हैं। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को भी लाभ होगा और परिवहन में सुधार होगा। समारोह में उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की। जिसमें क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता, सुनीता श्रीवास्तव वार्ड अध्यक्ष, अतुल सिंह, गजानंद यादव ,चंद्र सिंह ,ललित नारायण यादव ,केतकी,संकटा प्रसाद अमित चौरसिया ,अनीता शर्मा छोटेलाल कौशल ,पवन लाल पाल ,पूजा ,भानु की उपस्थिति रही।

### डा. यशा रावत को उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। राष्ट्रीय जागरूक महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा उर्दू अकादमी लखनऊ में प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमे प्रदेश स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, समाज सेवियों एवं साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा द्वारा प्रदेश से आए विद्यार्थियों, समाज सेवियों एवं साहित्यकारों को सम्मानित करने के बाद उन्होंने संदेश पूर्ण व्याख्यान दिया गया। इसी अवसर पर समाज सेविका एवं प्रधानाचार्य को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक एवं समाजसेवी कार्यों के दृष्टिगत डॉक्टर यशा रावत वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

# शिव सरस्वती मंदिर के स्थापना दिवस पर मां भगवती के तृतीय विशाल जागरण का हुआ आयोजन

● टी -सीरीज गायक शाहे सांवरिया एवम हैदराबाद से ज्योति रेड्डी ने अपने भजन गायन से माता का गुणगान कर श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। शिव सरस्वती मंदिर के स्थापना दिवस पर मां सरस्वती लॉन ज्ञानेंद्र विहार, पिंक सिटी फेज – 2 में शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा मां भगवती के तृतीय विशाल जागरण का आयोजन किया गया जिसमें ख्यातिप्राप्त सिंगर्स द्वारा सारी रात माता रानी के भजनों एवम उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रात्रि जागरण के दौरान मथुरा की मनमोहन झांकियां सभी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थीं। जागरण में टी–सीरीज के प्रसिद्ध गायक शाहे सांवरिया ने अपने मधुर कंठ से माता रानी के भजनों के माध्यम से माता रानी का गुणगान किया उसके उपरांत हैदराबाद की मशहूर गायिका ज्योति रेड्डी ने माता रानी के भजनों से सभी श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। समिति के संरक्षक रविंद्र निगम द्वारा बताया गया कि रविवार की प्रातः 10:00 बजे माता रानी की जोत मां चंद्रिका देवी मंदिर से लाई गई और रात्रि में 9:00 बजे से मां भगवती का जागरण शुरू किया गया जिसमें सारी रात माता के भजनों से क्षेत्र भक्ति के रस से सराबोर हो रहा था। जागरण में क्षेत्र पश्चिम विधानसभा 117 के उप विजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव , पार्षद विनोद यादव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, रामनाथ मिश्र, आशीष तिवारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जितेंद्र निगम, तीर्थराज यादव, अभिषेक मिश्रा, जितेन शुक्ला, अनुराग दीक्षित, सचिन देवल, आशीष श्रीवास्तव, गणेश शुक्ला, शिवम पोरवाल,अर्चना सिंह, शशि राय, राधा शुक्ला, प्रतिभा मिश्रा, प्रगति मिश्रा, रीता सिंह, रीता वर्मा, आकांक्षा सिंह, शुभांगी निगम, निकिता, जुनेजा, अंकित सिंह, कृष्णा मिश्रा, धैर्य मिश्रा तथा क्षेत्र के सभी लोगों का सहयोग रहा।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस थाने में पीड़ित की तहरीर के आधार पर अमित वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिसमें उस पर पीड़ित का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 77/64(1)/123 और एससी/एसटी एक्ट (3(2)(वी)) के तहत पंजीकृत किया गया। ठाकुरगंज पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की और मुखबिर की सूचना पर कानपुर बाईपास से अभियुक्त अमित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनुज कुमार, उपनिरीक्षक राहुल यादव, और कांस्टेबल श्रवण कुमार शामिल थे। अब मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों के करोड़ों रूपए के भुगतान सहित लंबित प्रकरणों के निस्तारण की मांग, मा. शिक्षक संघ देगा तीन दिवसीय क्रमिक धरना

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। लखनऊ जनपद के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के करोड़ो रूपये के अवशेषों का भुगतान कराये जाने, एन.पी.एस. खातों को अपडेट कराये जाने, एन.पी.एस शिक्षक/शिक्षिकाओं को पेंशन आदि देयकों का भुगतान कराए जाने, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में चयन/प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत एवं निर्धारण आदि के लम्बित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करायें जाने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने के लिए सिटीजन चार्टर लागू कराये जाने की मांग को लेकर जिला संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दिनांक 11, 12 एवं 13 नवम्बर, 2024 को तीन दिवसीय क्रमिक धरना करेगा। यह निर्णय जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में क्वींस इण्टर कालेज में सम्पन्न जिला संगठन की बैठक में लिया गया। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आर.पी. मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि शिक्षा भवन के कार्यालयों विशेषतया लेखा विभाग में अवशेष, चयन/प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत एवं निर्धारण आदि प्रकरणों को घूसखोरी के लिए लम्बित रखा जाता है। उन्होने बताया कि विभाग के लिपिक अथवा लेखाकार द्वारा सम्बन्धित विद्यालयों के कर्मचारियों के माध्यम से अथवा शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्वयं फोन कर घूसखोरी की बात की जाती है और डीलिंग हो जाने पर प्रकरण का निस्तारण हो जाता है एवम जिनकी डीलिंग नही होती है उन प्रकरणों को लम्बित रखा जाता है अथवा अनर्गल आपत्तियां लगा दी जाती है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि एक विद्यालय के एक साथ आए प्रकरणों में से केवल डीलिंग वाले प्रकरण ही निस्तारित किए जाते है जिससे जनपद के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में जिला सम्मेलन के आयोजन एवं टेलीफोन निर्देशिका के प्रकाशन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि जिला कार्यकारिणी की शीघ्र बैठक आहूत कर तिथि आदि का निर्धारण किया जाय। इसी के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मासिक वेतन भुगतान में विलम्ब होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया और निर्णय लिया गया यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो जिला संगठन संघर्ष के लिए बाध्य होगा।

# संपादकीय

## लोकतंत्र पर शिकंजे का शिकार हुए जी एन साईबाबा

लगभग 10 वर्षों तक अन्याय एवं क्रूरता के शिकार हुए कवि, मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा का शनिवार की रात हैदराबाद के एनआईएमएस अस्पताल में निधन हो गया। इसी अस्पताल में उनकी 5 दिनों पहले गॉल ब्लैडर की सर्जरी हुई थी। वे ठीक हो रहे थे लेकिन दो दिन पहले उन्हें फिर से तकलीफ होने पर उन्हें वापस भर्ती किया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनका रक्तचाप गिर गया तथा उन्हें दिल का दौरा पड़ा जो उनके लिये जानलेवा साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 10 वर्षों तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का आरोप झेलने वाले साईबाबा को इसी वर्ष मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया था। उनके मामले को इस रूप में याद किया जायेगा कि देश में किस हद तक किसी निर्दोष को प्रताड़ित किया जा सकता है- खासकर यदि वह पीड़ितों के पक्ष में बोलने-लिखने वाला हो। उनकी मौत ने यह भी साबित किया है कि भारत में कानूनों का न केवल राज्य द्वारा बेजा इस्तेमाल होता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया सजा से भी बदतर है। जेल में उनके साथ हुई यातना इतने भर से बयां की जा सकती है कि बचपन से ही व्हीलचेयर पर रहने वाले साईबाबा को नागपुर की अंडा सेल में इस प्रकार से रखा गया कि उन्हें दिन में दो बार नित्यक्रिया एवं स्नान के लिये भी दो लोगों की मदद लेनी पड़ती थी। इस जेल की क्षमता तो 200 कैदियों की थी परन्तु उसमें 1300 लोग थे जहां करवट बदलने के लिये भी परस्पर झगड़े होते थे। डॉक्टरों द्वारा 90 प्रतिशत विकलांग घोषित किये जा चुके साईबाबा पर आरोप लगाया गया था कि उनके माओवादियों से सम्बन्ध हैं और वे राज्य के खिलाफ षडयंत्र में भागीदार रहे हैं। 2013 में हेम मिश्रा, महेश तिर्की, पी नरोटे, प्रशांत राही आदि को माओवादी षड़यंत्र के अंतर्गत गढ़चिरोली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साईबाबा को भी इसमें शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया था। उनके पास से नक्सली साहित्य की बरामदगी को आधार बनाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद की कहानी भारतीय न्यायपालिका की दुर्दशा की कहानी है जो इस बात पर मुहर लगाने के लिये काफी है कि कैसे एक बार कानूनी मकड़जाल में फंस गये किसी निरीह के जीवन को सरकार कितनी आसानी से बर्बाद कर सकती है। पुलिस ने आरोप लगाया कि साईबाबा ने ही आरोपियों की माओवादियों से मुलाकात कराई थी। पुलिस उन्हें लगभग किडनैप करके ले गयी थी जब वे चीफ एक्जामिनर के तौर पर परीक्षा केन्द्र की ओर जाने के लिये अपने घर से खुद की कार से निकल ही रहे थे। उनके ड्राइवर को उतारकर चलता कर दिया गया और कार समेत सिविल ड्रेस में पुलिस वाले उन्हें ले गये थे। इसके बाद विश्वविद्यालय ने उन्हें निलम्बित कर दिया था। पक्षाघात से पीड़ित साईबाबा को गढ़चिरौली कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (यूएपीए) के तहत दोषी पाया।

## बांग्लादेश में असुरक्षा

हाल के दिनों में बांग्लादेश के हिंदू मंदिरों में हुए हमलों की भारत द्वारा कड़ी निंदा सरकार की किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति को ही दर्शाता है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दी गई। जिसमें तमाम स्थानों पर अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाने पर लिया गया। जिसके बाद नई दिल्ली ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है। यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर जारी है। इसमें धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों को अपवित्र करने, तोड़फोड़ और डकैती जैसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इस पर यूनुस की दलील रही है कि ये हमले राजनीति से प्रेरित हैं और इन्हें सांप्रदायिक नहीं कहा जा सकता। वहीं बार-बार धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के आश्वासन और समय-समय पर मंदिरों में जाने के बावजूद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के एक व्यवस्थित पैटर्न को पनपने दिया जा रहा है। बीच-बीच में सरकारी नौकरियों व शिक्षकों की भूमिका निभा रहे अल्पसंख्यकों को जबरन इस्तीफा देने के लिये दबाव बनाने के आरोप भी लगते रहे हैं। यहां तक कि मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश यात्रा के दौरान दिए गए मुकुट के चोरी हो जाने का समाचार पिछले दिनों आया। निस्संदेह, अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह मुहिम गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से, यह भारत-बांग्लादेश के संबंधों के लिये परीक्षा का समय है। मुकदमा चलाने के लिये शेख हसीना को वापस भेजने की मांग पर नई दिल्ली की चुप्पी ने ढाका में हलचल बढ़ाई है। दरअसल, बदले हालात में वहां एक वर्ग का उदय हुआ है जो चाहता है कि बांग्लादेश अपने शक्तिशाली पड़ोसी से आंख में आंख डालकर बात करे। हालांकि, यह धारणा गलत व अव्यावहारिक है। फिर भी दोनों पक्षों को बढ़ते अविश्वास की खाई को पाटने में किसी भी देरी को टालना होगा। राजनयिक चौनलों को पूरी ताकत के साथ सक्रिय करने की जरूरत है। जिसके लिये जरूरत पड़ने पर सख्ती दिखाने की भी जरूरत होगी। ऐसे में पश्चिमी देशों के पोस्टर बॉय बने सत्ता की बागडोर संभालने वाले मोहम्मद यूनुस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर फिलहाल बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत के लिये भी एक सबक है। अपने देश में भी अल्पसंख्यकों के साथ किसी तरह का भेदभाव व दुराग्रह उतना ही अनुचित होगा।

# महाराष्ट्र: भय और आतंक के माहौल में चुनाव

शकील अख्तर

मुम्बई में यह किस में डर पैदा करने की कोशिश है? महाराष्ट्र में चुनाव हैं और उससे पहले राजनीतिक हत्याओं का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बाबा सिद्दिकी तो राज्य सरकार के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की पार्टी में आ गए थे। वाय श्रेणी की सुरक्षा थी मगर फिर भी मारे गए। और वह क्या पुलिस थाने में भाजपा विधायक ने राज्य सरकार में शामिल शिंदे गुट के नेता पर गोलियां चला दी थीं। अजीत पवार की पार्टी एनसीपी के तो 8 दिन में यह दूसरे नेता की हत्या है। और इस साल में तीसरे नेता की। मुंबई में लंबी लिस्ट है पिछले दिनों हुई राजनीतिक हत्याओं की। गोलियां चलाकर आतंक पैदा करने की। फिल्म एक्टर सलमान खान जो गुजरात में मोदी जी का समर्थन करने गए थे उनके घर के बाहर अभी गोलियां चलाई गईं। और जिस अपराधी लारेंस बिश्नोई पर आरोप है उसने अभी बाबा सिद्दकी की हत्या की जिमेमेदारी ले ली है। पंजाबी गायक सिद्धु मुसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी भी इसी गेंग ने ली थी। डबल इंजन की सरकार है। गेंग लीडर लारेंस बिश्नोई गुजरात की जेल में बंद है मगर आश्चर्य वह सुपारी ले रहा है और हत्याएं करवा रहा है। क्या मतलब है इसका? इतने ताकतवर प्रधानमंत्री राज्य में उनकी सरकार और गुजरात की जेल में बंद एक गेंगस्टर द्वारा मुंबई में एक के बाद एक राजनीतिक हत्याएं! आतंक का माहौल! किस लिए? चुनाव में किसी को फायदा पहुंचाने के लिए? महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टियों को यही आशंका है। सबसे प्रमुख विपक्षी दल शिवसेना यूबीटी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने कहा है कि इस हत्या ने महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था की कलई खोल दी। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इसे मुख्यमंत्री की विफलता बताया है। उन्होंने गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को बर्खास्त करने की मांग की है। उद्धव ठाकरे की पार्टी की ही राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी कड़े सवाल उठाते हुए कहा है कि अगर सत्ता पक्ष का नेता सुरक्षित नहीं है तो फिर महाराष्ट्र में कौन सुरक्षित है? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री राज्य का लूटने में लगे हैं उन्हें कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं है। प्रियंका चतुर्वेदी ने बड़ा सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा में इतनी देर क्यों की जा रही है? यही मुख्य सवाल है। चुनाव में देर क्यों की जा रही है? क्या राज्य में डर व आतंक का वातावरण बनाने के लिए? गुजरात की साबरमती जेल में बंद एक गेंगस्टर कैसे इतना ताकतवर हो सकता है कि डबल इंजन और गुजरात में भी सरकार है तो ट्रिपल इंजन की सरकार कह सकते हैं वह देश के हर राज्य में और विदेश में कनाडा तक में हत्याएं करवा रहा हो और महाराष्ट्र गुजरात की राज्य सरकारें केन्द्र सरकार कोई कुछ नहीं कर पा रहा हो? कोशिश यही है कि महाराष्ट्र में विपक्ष में इतना डर और आतंक पैदा कर दो कि वह ठीक से चुनाव ही नहीं लड़ पाए। क्या यह संभव है? राहुल गांधी को डराया जा सकता है ? उद्धव ठाकरे को कोई डरा सकता है ? शरद पवार किसी से डरेंगे? संभव ही नहीं है। यह सारी कोशिशें बेकार जाएंगी। उल्टे महाराष्ट्र में यह संदेश जाएगा कि मोदी एकनाथ शिंदे अजीत पवार यह कोई उन्हें सुरक्षा नहीं दे सकता है। यह सब इन्हीं की जेल में बंद एक गेंगस्टर के सामने लाचार हैं। राज लारेंस बिश्नोई का चल रहा है प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का नहीं। सोचिए तीन बार के एमएलए, राज्य सरकार में मंत्री रहे, बेटा जिशान सिद्दीकी अभी भी एमएलए और उप मुख्यमंत्री की अजीत पवार की पार्टी में शामिल फिर भी दशहरे के दिन, भीड़ भाड़ वाले इलाके बान्द्रा ईस्ट इलाके में शाम को गोली मार दी जाती है। बाबा सिद्दकी कोई सामान्य नेता नहीं थे। हर पार्टी में सब उन्हें जानते थे। फिल्म स्टारों में उनकी पूछ थी। जिन्दगी भर कांग्रेस में रहे अभी इसी साल के शुरू में अजीत पवार की पार्टी में गए थे। बिहार के रहने वाले थे। मगर मुबंई में आकर जैसे बहुत सारे दूसरे लोगों ने कांग्रेसी बनकर अपना उद्धार किया था वैसे ही वे भी थे। जब केन्द्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई तो वे सत्ता में शामिल अजीत पवार के साथ चले गए। जाते तो कांग्रेस छोड़कर बहुत सारे लोग हैं मगर एकाध ही होता है जो जाने के बाद कांग्रेस पर सोनिया राहुल पर गंदे आरोप नहीं लगता। प्रियंका चतुर्वेदी एक उदाहरण हैं। बाकी लोग तो अपने स्वार्थों से गए मगर प्रियंका चतुर्वेदी के साथ तो बदतमीजी हुई थी। उन्होंने पार्टी में ही रुककर इसकी शिकायत भी की। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई तब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी। लेकिन छोड़ने के बाद कभी कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोला। बाबा सिद्दकी और उनके बेटे जिशान बहुत गंदे आरोप लगाते हुए कांग्रेस से गए थे। मगर देखिए राहुल को इसके बाद भी उनका मन साफ था। कोई गुस्से नाराजगी की भावना नहीं। खुद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। और बहुत कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था की सारी पोल खोल दी है। राहुल की और कांग्रेस की यही खासियत है जो उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। खाली महाराष्ट्र की ही बात की जाए तो यहां से कितने कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी छोड़ी? गिनते जाइए! लंबी लिस्ट है।

> गोलियां चलाकर आतंक पैदा करने की। फ़िल्म एक्टर सलमान खान जो गुजरात में मोदी जी का समर्थन करने गए थे उनके घर के बाहर अभी गोलियां चलाई गई



# शोध और नवाचार में भारत की ऊंचाई

डा. जयंतीलाल भंडारी

**हमें अपने औद्योगिक ढांचे में बदलाव लाना होगा, अपनी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बदलाव को आकार देना होगा, अपनी कंपनियों पर प्रतिस्पर्धी होने का दबाव बनाने के लिए व्यापार नीति का इस्तेमाल करना होगा तथा सार्वजनिक शोध प्रणाली में परिवर्तन करना होगा**

हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं और भारत अमूर्त संपत्ति तीव्रता में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर है। जीआईआई 2024 के अनुसार, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्की, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर आने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है। निस्संदेह शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक सम्पदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। विगत अगस्त माह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खेतों में जाकर जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है। निश्चित रूप से शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया गया है। सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने वैश्विक उद्योग-कारोबार के रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के कोष की स्थापना की है। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आरएंडडी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है। ऐसे में हमें ध्यान देना होगा कि कोई 6-7 दशक पहले अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च करके सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़कर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है।




**मेष**:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ**:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन**:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क**:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह**:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**तुला**:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु**:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर**:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

# भाजपा के कथित पराक्रम से पराभूत हरियाणा की जनता

कामेश्वर

डिजिटल न्यूज चौनलों के साथ-साथ मुख्यधारा की मीडिया ने भी कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव में विपक्ष की लहर है। हरियाणा में चुनाव कांग्रेस नहीं जनता लड़ रही है। चुनाव क्षेत्रों में न्यूज चौनलों के इंटरव्यू में ऐसा दिखता भी था। एक्जिट पोल में बताया गया कि हरियाणा में कांग्रेस पचास से लेकर बहत्तर सीट पाने जा रही है। भाजपा पंद्रह से लेकर बत्तीस तक सिमट जाएगी। फील्ड में घूमने वाले और न्यूज चौनलों पर बहस करने वाले पत्रकार भी यही बता रहे थे। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक दावा किया कि अगर नतीजे ऐसे ही नहीं आए तो वे पत्रकारिता छोड़ देंगे। चुनाव विश्लेषण करने वाले योगेंद्र यादव ने भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है, यह आंधी भी हो सकती है। और ज्यादा चली तो सुनामी भी। लेकिन चुनावों के नतीजे उम्मीद के उलट आए तो उन्होंने कहा कि कई बार चुनाव सर्वेक्षक और विश्लेषक माहौल को भांप नहीं पाते। कोई अंडर करंट चल रहा था जिसे वे भी भांप नहीं पाए। ईवीएम की धांधली के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे कोई तकनीकी विशेषज्ञ नहीं हैं और उनके पास धांधली का कोई सबूत नहीं है इसलिए इस बारे में वे कुछ कह नहीं सकते। खैर, योगेंद्र यादव ही क्यों, वैकल्पिक मीडिया के कई दिग्गज विश्लेषक भी कथित अंडर करंट को भांप न पाने के लिए खुद को लानत भेजने लगे। उन्हें कांग्रेस पार्टी और नेताओं की वे कमियां, जिन्हें भाजपा प्रचारित कर रही थी, बड़ी दिखाई देने लगीं जिन्हें वे उसकी लहर के सामने नगण्य मानकर उसकी शानदार जीत की भविष्यवाणी कर रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा खेमे में मायूसी का आलम था। उन्हें गांवों में घुसने से रोका जा रहा था। उनकी सभाओं और रैलियों में लोग जुट नहीं रहे थे। खट्टर जैसे बड़े नेता तो खुले में प्रचार करने के बजाय बंद हॉलों में प्रचार कर रहे थे। एक चुनाव क्षेत्र में पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा उम्मीदवार की जीत के प्रति नाउम्मीदी जताए जाने पर उसे हॉल से बाहर निकलवा दिया। मुख्यधारा की मीडिया द्वारा यह प्रचारित कराया जाने लगा कि हरियाणा कांग्रेस में फूट है। भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला अलग-अलग दिशाओं में चल रहे हैं। हुड्डा नहीं चाहते कि पार्टी को पचपन से ज्याद सीटें मिले। नहीं, उनकी दावेदारी कमजोर पड़ जाएगी। हाई कमान हावी हो जाएगा। इसलिए हुड्डा आमआदमी पार्टी और सपा के साथ गठबंधन कर ज्यादा सीटें जीतने के पक्ष में नहीं हैं। टिकट वितरण में उन्होंने हाई कमान की नहीं चलने दी और अपने बहत्तर उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। कुमारी सैलजा के कोटे से केवल सात उम्मीदवार उतारे गए इसलिए वे नाराज होकर घर बैठ गईं और न्यूज चौनलों को इंटरव्यू देकर अपनी भड़ास निकालने लगीं। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने उन्हें अपनी पार्टी में आने का न्यौता भी दे दिया। सुरजेवाला अपने बेटे को ही जिताने में लगे रहे। राहुल और प्रियंका गांधी ने प्रचार अभियान में उतरने में देरी कर दी। इसी बीच राहुल गांधी अपनी अमरीका यात्रा से लौटे और उनका डंकी वीडियो वाइरल हुआ जिसमें वे डलास में पंद्रहध्दस फीट के कमरे में रह रहे हरियाणा के उन डंकी युवाओं से मिले थे। फिर वे करनाल जाकर उन युवाओं के परिवार से भी मिले और हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी और नशाखोरी का मार्मिक चित्र खींचा। इस तरह हरियाणा में उनके चुनाव प्रचार का आगाज हुआ और उनके प्रचार में न आने शिकायत करने वाले चुनाव विश्लेषक कहने लगे, दे आयद, दुरुस्त आयद। फिर राहुल गांधी वहां लगातार वाहन और पैदल चलकर हाईब्रिड यात्रा करने लगे जिसमें डंकियों के बहाने बढ़ती बेरोजगारी और नशाखोरी के संबंध में भावुक अपील करने लगे। किसान (एमएसपी की गारंटी), जवान (अग्निपथ योजना को बंद कर फौज में सामान्य भर्ती, दो लाख रिक्त पदों पर भर्ती), पहलवान (शारीरिक शोषण के खिलाफ न्याय) और संविधान की रक्षा के नारे लगाते हुए छत्तीस बिरादरी की सरकार बनाने की गारंटी देने लगे। इसके अलावा, घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और आम जनता के लिए सात प्रकार की रेवड़ियां बांटने का ऐलान भी किया। उन्होंने हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाकर उनके बीच मन-मुटाव दूर कर देने का प्रदर्शन भी कराया। मतदान से एक दिन पहले दलित नेता अशोक तंवर को भाजपा से निकाल कर अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। उनकी प्रचार यात्रा और रैलियों में भारी भीड़ उमड़ने लगी। इधर मोदी ने चुनाव प्रचार में अधूरे मन से भाग लिया और फिर चुनाव से हफ्ते भर पहले ही वहां से भाग लिए। उनकी पहली रैली में मुश्किल से पांच हजार लोग जुटाए जा सके। उधर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज खुद मुख्यमंत्री बनने के दावे ठोक रहे थे। नायब सिंह सैनी को अपने विधानसभा क्षेत्र लाडवा में पिछड़ते बताया जाने लगा। खट्टर की अलोकप्रियता के मद्देनजर उन्हें चुनाव प्रचार और पोस्टरों से गायब कर दिया गया। पोस्टरों में मोदी भी दिखने बंद हो गए। ताकि हार का ठीकरा मोदी के सिर न फूटे। चुनाव विश्लेषकों द्वारा बार-बार यही कहा जाता रहा कि मतदाता कांग्रेस को जिताने के लिए नहीं, बल्कि भाजपा को हराने के लिए वोट करेंगे। जब नतीजे निकले तो पासा पलट गया। भाजपा 48 सीट जीत गई और कांग्रेस 37 पर सिमट गई। इस नतीजे से सभी भौंचक रह गए। मतदाता भी और चुनाव विश्लेषक भी। चुनावी पंडितों को अपनी समझ पर संदेह होने लगा। आखिर उनसे कहां चूक हो गई? अंडर करंट को वे समझ कैसे नहीं पाए। उन्होंने मान लिया कि सच में कोई अंडर करंट था। सड़क पर जो दिख रहा था वह सही नहीं था। फिर वे भाजपा की जीत को वास्तविक बताने के लिए उसके समर्थन में तर्क गढ़ने लगे- 1.जाट और गैर-जाट के बीच की खाई (मानों, जाटों का कथित अत्याचार संविधान संशोधन से होने वाले नुकसान से ज्यादा घातक हो।)2. सीएम पद की खींच-तान (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो।) 3. अति आत्मविश्वास (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो। नतीजे निकलने से एक दिन पहले मुख्यमंत्री सैनी भरी सभा में कह रहे थे कि जीत के लिए निश्चिंत रहो। हमने सब व्यवस्था कर दी है। यह अति आत्मविश्वास नहीं था?) 4. इंडिया गुट के सहयोगियों के साथ गठबंधन न करने का फैसला। (चुनाव विश्लेषकों के अनुसार जब मतदाताओं ने भाजपा को उसके जनविरोधी नीतियों के कारण हराने का संकल्प ले लिया था तो वे दूसरे दलों पर अपना अमूल्य वोट क्यों खराब करते?) 5. पन्ना प्रमुखों का संगठनात्मक मशीन। (पन्ना प्रमुख क्या सम्मोहन विद्या जानते हैं जो मतदाता को अपने हित-अनहित सोचने के विवेक को छिन लेते हैं और एक ही दिन में उसके मत को पलट देते हैं। तब तो दूसरे दल कभी चुनाव नहीं जीत सकते।) दरअसल, मीडिया और चुनाव विश्लेषक जिधर बम उधर हम के कायल दिखे। वे चित भी मेरी और पट भी मेरी की चाल चलने लगे। मुख्यधारा की मीडिया को छोड़ भी दिया जाए तो वैकल्पिक सोशल मीडिया के चुनाव विश्लेषक भी भाजपा की जीत की दबसट में अपने ही अनुमानों को झुठलाने लगे। वैकल्पिक न्यूज चौनल का एक एंकर कह रहा था कि भाजपा ने हरियाणा चुनाव अपने पराक्रम से जीत लिया। अब वे जिन बातों को पराक्रम समझ रहे हैं उनकी बानगी कुछ इस प्रकार है- ईडी, आईटी और सीबीआई के माध्यम से भयादोहन के जरिए इलेक्टोरल बांड से संचित किया गया अकूत धन जिसे चुनावी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त किया जाता है, हर बूथ पर पन्ना प्रमुख तैयार किया जाता है और अब तो पन्ना समिति बनाने की तैयारी है। मतदाताओं को भी खूब बांटा जाता है। प्रॉक्सी उम्मीदवारों और वोट कटवा दलों को खड़ा कर उन्हें इफरात पैसा बांटा जाता है।

# दो शातिर अन्तर्जपदीय टप्पेबाज गिरफ्तार




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए घटनाओं के अनावरण व संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर अन्तर्जनपदीय टप्पेबाजों शहजाद पुत्र मकदूम अली निवासी मोहल्ला यासीन गंज थाना सहादतगंज जनपद लखनऊ,कल्लू उर्फ शहीद आलम पुत्र स्व. सलीम निवासी मोहल्ला यासीन गंज थाना सहादत गंज जनपद लखनऊ को रोटी गोदाम तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की जामा तलाशी में उनके पास से कुल ग्यारह हजार रुपये की नकदी,दो अदद अंगूठी पीली धातु एक अदद चैन पीली धातु,एक जोडी पायल सफेद धातु, चार अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बजाज पल्सर बरामद हुए। बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो राह चलते अनपढ़ व सीधी सादी महिलाओं की रैकी कर उन्हें अपने जाल में फंसा कर उनसे धोखा-धड़ी कर गहना व जेवर ले लेते थे,व मिले रुपयों/जेवरों को बेचकर अपना जीवनयापन करते थे। दिनांक ०4 अक्टूबर 2०24 को हम दोनों ने सीतापुर शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक अकेली महिला को अपने झांसे में लेकर उसके घर जाकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले ली थी और मौके से भाग गये थे। उक्त बरामद हुए बचे शेष आभूषण व शेष बचे पैंतालिस सौ रुपए उसी महिला के है। दिनांक ०9 अक्टूबर 2०24 को हम दोनों ने जनपद पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में ओजस्वी अस्पताल के पास एक महिला से उसके घर में शनि का प्रकोप बताकर कष्टों के निवारण हेतु उपाय बताते हुए धोखाधड़ी कर महिला के पहने हुए कान के टॉप्स,कुंडल,चैन आदि उतरवा कर वहां से भाग गये थे ।सारा जेवर हमने कानपुर नगर में चौक सराफा नारियल बाजार में बेच दिए थे। बेचे गये माल से मिले रूपये में से कुछ रुपये खर्च हो गये व उसी में से बचे हुए रुपये पैंसठ सौ हैं। इससे पहले दिनांक 12मार्च 2०24 को दोपहर में सीतापुर शहर लाल कपड़ा कोठी के पास एक महिला के साथ धोखाधड़ी करके कुछ जेवरात लिए थे जिसे हम दोनों ने कानपुर नगर में ही बेच दिए थे। घटनाओं के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु.अ.सं. 371/24 धारा 123/3०4 बीएसएस तथा मु.अ.सं. 88/24 धारा 42०/379 आईपीसी पंजीकृत है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 2०7 एमवी एक्ट सीज किया गया।कठोर कार्यवाही हेतु दोनों अभियुक्तों का चालान सम्बन्धित न्यायालय में किया जा रहा है।जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। इन टप्पेबाजों की गिरफ्तारी में कोतवाली नगर पुलिस टीम के उप निरीक्षक ज्योति विश्नोई,विनोद कुमार गिरी, आरक्षी यशवंत नेगी, दीपक चौधरी,प्रिंस तोंगर, सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# मिशन शक्ति के तहत खण्ड विकास अधिकारी ने महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। महिलाए स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं तथा मुसीबत पड़ने पर वह किसी से भी मुकाबला कर सकती है। यह बातें कसमंडा ब्लॉक सभागार मेंआयोजित महिला सशक्तिकरण कार्य क्रम के दौरान महिलाओ से प्रशिक्षु आईएएस/खण्ड विकास अधिकारी नितिन सिंह ने कहीं ।महिलाए स्वयं आत्म निर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं तथा मुसीबत पड़ने पर वह किसी से भी मुकाबला कर सकती हैं। कसमंडा ब्लॉक सभागार में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्य क्रम के दौरान महिलाओं से कहीं कार्यक्रम में मौजूद उप निरीक्षक ने महिलाओं को स्वयं अपनी रक्षा करने के लिए कई टिप्स दिए। कमलापुर थाने की महिला आरक्षी साधना सिंह ने कुछ छात्राओं को मंच पर बुलाकर उन्हें आत्म रक्षा के लिए कुछ दांव सिखाए। खण्ड विकास अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह ने कहा कि तीन चीजों का विशेष ध्यान रखे शिक्षा, स्वास्थ एवं सुरक्षा। खण्ड विकास अधिकारी ने मौजूद सभी महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी जिसमें 112, 1०9०, 1०8, 1०67 सहित क्षेत्राधिकारी कार्यालय एवं कोतवाली व थानों के नम्बरों की जानकारी देते हुए कहा असुरक्षा महसूस करने पर इन नम्बरों को डायल करें जिससे विपत्ति के दौरान आप लोगों तक मदद पहुंच सके। इस मौके पर आरक्षी अजेंन्द यादव निकित गहलोत महिला आरक्षी प्रीती सिंह,आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नीलम श्रीवास्तव आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शराब की दुकानों के बाहर पीने व पिलाने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई: नितिन अग्रवाल

■ आबकारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए सख्त निर्देश

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग को फेस्टिवल सीजन में और अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए ।इस त्योहारी मौसम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहनी चाहिए ।उन्होंने कहा अनाधिकृत रूप से मदिरा की दुकानों के बाहर पीने और पिलाने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये ।आबकारी मंत्री ने यह निर्देश सोमवार को यहां गन्ना संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि माह सितम्बर में 3246.67 करोड़ रुपये का आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ है ।वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 22563.15 करोड़ रुपये की प्राप्तियाँ हुई है, जबकि इस माह तक गत वर्ष की प्राप्तियां 2०226.55 करोड़ रुपये थी। उन्होंने राजस्व प्राप्ति में अधिकतम उपलब्धि प्राप्त करने वाले मिर्जापुर, अयोध्या तथा वाराणसी प्रभार के अधिकारियों की प्रसंशा की और न्यूनत्म उपलब्धि वाले बस्ती, गोरखपुर एवं आजमगढ़ प्रभार के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए आगामी माह में शत-प्रतिशत राजस्व अर्जित करने के निर्देश भी दिये ।आबकारी मंत्री ने कहा कि अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए चण्डीगढ़, हरियाणा और पंजाब बार्डर के पोस्ट को और अधिक सक्रिय किया जाये। किसी भी दशा में अन्य राज्यों से प्रदेश में अवैध मदिरा नहीं आनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि प्रर्वतन की टीमों को जिलों में भेजकर मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण करायें। इसमें जीएसटी टीम का भी सहयोग प्राप्त किया जाये। कच्ची शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगे, इसके लिए लगातार सघन तलाशी अभियान भी चलाया जाये ।बैठक में प्रमुख सचिव, आबकारी वीना कुमारी ने बताया कि सितम्बर माह में आबकारी टीम द्वारा 78848 छापे मारे गये और 227957 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई। इसमें लिप्त 33० व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। इस प्रकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 463947 छापे मारे गये हैर 1434०83 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। तस्करी में उपयोग 118 वाहन जब्त करते हुए 5555 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है ।बैठक में अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन) ज्ञानेश्वर त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे और जनपदों के अधिकारी वर्चुअल जुड़े रहे

# निर्माण कार्यों की पर विशेष ध्यान दिया जाये निर्माणाधीन परियोजनाएं हों समय से पूर्ण- जिलाधिकारी

● शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले, एम्बुलेंस का रिस्पॉस टाइम तत्काल सुधारा जाए



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता अतुल कुमार पुरूषोत्तम**

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सी.एम. डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति शहरी-ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह की सी.सी. लिमिट, बी.सी. सखी, फैमिली आईडी, भवन निर्माण, मुख्यमंत्री गोधन सहभागिता योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, 108 एंबुलेंस संचालन, जल जीवन मिशन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में गत माह के सापेक्ष माह सितंबर में रैंक खराब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग की संचालित योजनाओं के लक्ष्यों की समय से पूर्ति करें। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एंबुलेंस के संचालन में सितंबर में जनपद पहले स्थान से 57वें रैंक पर, मनरेगा में 09वीं रैंक से 64वीं रैंक पर, फैमिली आई.डी. में 47वीं रैंक से 75वीं रैंक, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के भवन निर्माण में 28वीं रैंक से 33वीं रैंक, विद्युत आपूर्ति शहरी, ग्रामीण में 02वीं रैंक से 09वीं रैंक पर पहुंचने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रदेश में 13वें स्थान पर है, सभी सम्बन्धित अधिकारी इस माह में अपनी-अपनी योजनाओं की रैंक सुधार कर जनपद को टॉप-10 में शामिल कराना सुनश्चित करें। श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नमामि गंगे में जनपद बी-श्रेणी में है, जल जीवन मिशन के अंतर्गत गृह जल संयोजन की प्रगति खराब होने के कारण जनपद की रैंक ठीक नहीं है। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिन ग्रामों में ओवरहैड टैंक निर्माण, पाइप लाइन हेतु सड़कों का खुदान किया गया है और वहां कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन अभी तक ठेकेदार द्वारा सड़कों की मरम्मत नहीं की है, ऐसे ठेकेदारों से कटौती कर उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें, प्राथमिकता पर ग्रामों की गलियों, सड़कों को दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को आदेशित करते हुए कहा कि शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में मानक के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करें, विद्युत आपूर्ति में निरंतर ट्रिपिंग की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान दें, उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो, विद्युत बिलिंग व्यवस्था भी सुधारी जाए। जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ए.पी.ओ. की लापरवाही के कारण सबसे खराब रैंक मनरेगा में मिली है। उन्होंने उपायुक्त मनरेगा को आदेशित करते हुए कहा कि जिस किसी की लापरवाही के कारण जनपद 09वीं रैंक से 64 वीं रैंक पर पहुंचा है, का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उसके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा के दौरान जनपद में यू.पी.पी.सी.एल. के संचालित 27 कार्यों में से 19 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 17 में से 06 कार्य, उ.प्र. आवास विकास के 07 कार्यों में से 07 कार्य अपूर्ण पाये जाने, पुलिस आवास निर्माण निगम, लैकफेड, पैक्सफेड, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की भौतिक, वित्तीय प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को कार्य में तेजी लाकर भौतिक, वित्तीय प्रगति सुधारने के आदेश दिये। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं मानक के अनुसार समय से पूर्ण हों, कार्यदायी संस्थाओं के अवर अभियंता मौके पर उपस्थित रहकर अपनी निगरानी में कार्य करायें, ईंट, सरिया, बालू, सीमेंट में मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए, निर्माणाधीन कार्यों की समय-समय पर गठित टेक्निकल टीम से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि धनाभाव के कारण जिन परियोजनाओं पर काम बंद है, तत्काल बजट रिलीज करने हेतु पत्राचार किया जाए, कार्यदायी संस्था उपलब्ध करायी गयी धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र तत्काल भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन के लंबित आवेदन पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्रों को समय से मिले, इसमें किसी भी स्तर पर विलंब न हो, सुनिश्चित किया जाए। उन्होने उप कृषि निदेशक को किसान सम्मान निधि की प्रगति सुधारने के साथ ही प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बीज डीबीटी, कृषि रक्षा रसायन में प्रथम रैंक होने पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, उपायुक्त मनरेगा श्वेतांक पांडेय, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चंद, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरूण कुमार शुक्ला ने किया।

# वाहन स्वामी घर बैठे ले सकते है नौ सेवाओं का लाभ: परिवहन आयुक्त

❑ आमजनता को मिलेगी सुविधा,परिवहन मंत्री के निर्देश पर वाहन संबंधी नौ सेवाओं को आधार प्रमाणिकरण के जरिए किया जा रहा लाइव

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ ।आमजनमानस को वाहन संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग ने नौ सेवाओं को आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव कर दिया है ।इसे वाहन स्वामियों को भागदौड़ की परेशानी से छुटकारा मिलेगा और घर बैठे विभिन्न सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी ।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन मंत्री ने विभाग को इन सुविधाओं को तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं ।यह जानकारी परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज दी। उन्होंने बताया कि इन नौ सेवाओं में डुप्लिकेट आरसी, विशेष परमिट, आरसी विवरण, डुप्लिकेट परमिट, डुप्लिकेट फिटनेस सर्टिफिकेट, डुप्लिकेट डीएल, डीएल में पता परिवर्तन, डीएल प्रतिस्थापन एवं डीएल एक्स्ट्रैक्ट को आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी लाइसेंस, स्थायी पंजीयन के लिए आवेदन व लाइसेंस तथा वाहन से मोबाइल नम्बर अपडेट का कार्य पहले से ही आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से किया जा रहा है ।परिवहन आयुक्त ने बताया कि इन सेवाओं का लाभ लोगो को बिना परिवहन कार्यालय आए आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से प्राप्त हो सकता हैं ।इन कार्यों को फेसलेस किये जाने से आमजनता को अत्यंत ही सुविधा होगी। परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही अन्य सेवाओं को भी फेसलेस किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अन्य सुविधाओं को भी इस प्रणाली का उपयोग कर फेसलेस करने की कार्यवाही की जायेगी।

# नम आंखों से विसर्जित हुई देवी प्रतिमाएं लगे जयकारे



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भक्तों ने नम आंखों से करते हुए मां के जयकारे लगाए। सुमेरपुर कस्बे में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन गायत्री तपोभूमि प्रांगण में बने तालाब में किया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन तालाबों में किया गया। थाना क्षेत्र में कुल 84 तथा तहसील में 264 देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। विसर्जन के दौरान देवी भक्त मां के गगन भेदी जयकारे लगा रहे थे।

# पहले हरियाणा में मिली हार...अब सपा ने घोषित किया प्रत्याशी,दोहरे झटके से उबरने की कोशिश में कांग्रेस

**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों में हार के बाद उत्तर प्रदेश में 1० विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों में से छह सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा उम्मीदवार घोषित करने के दोहरे झटके से कांग्रेस उबरने की कोशिश में जुटी है। पार्टी रणनीतिकारों को उम्मीद है कि सपा के साथ गठबंधन का कोई बेहतर रास्ता निकाल लिया जाएगा, जिससे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को शिकस्त देने में सफलता मिलेगी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उप्र के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा, 卐एक बात तो स्पष्ट है कि कहीं पर कोई नतीजे अगर उम्मीदों के अनुसार नहीं आते तो स्वाभाविक है कि कार्यकर्ताओं और नेताओं को दुख और निराशा होगी। लेकिन पार्टी उत्तर प्रदेश में अपने लक्ष्य पर केंद्रित हैं क्योंकि यहां 'जंगलराज का खात्मा करना है।卐 कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने अपनी नाखुशी जाहिर करते हुए से कहा, 卐हरियाणा में कांग्रेस की पराजय का ही नतीजा रहा कि परिणाम आते ही सपा ने राज्य में छह सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। अगर वहां (हरियाणा) हमारी सरकार बनी होती तो सपा ऐसी हरकत न करती।卐 अविनाश पांडेय ने हालांकि संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि यह विषय (टिकट बंटवारा) अभी चर्चा में हैं, अभी भी संवाद जारी है और समय रहते विचार-विमर्श कर इन चीजों को आपस में हल किया जाएगा। यह बड़ी समस्या नहीं है। राजनीतिक विशेषज्ञों से लेकर मीडिया की अटकलों को दरकिनार करते हुए भाजपा ने हरियाणा में 9० में 48 सीट जीतकर तीसरी बार सरकार बनाई और कांग्रेस की सरकारी बनाने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# खंभे में नहीं आई खरोच तो कैसे हुई मौत



**भरुआ सुमेरपुर।** मृतक दिनेश पाल के पिता की हत्या भी करीब 25 साल पहले कंडो की भठिया में जला देने से हुई थी। इस मामले की भी गुत्थी नहीं सुलझ पाई थी और अब पुत्र की मौत भी पहेली बन गई है। पत्नी अनुराधा का आरोप है कि उसके पति की हत्या करके दुर्घटना का रुप दिया गया है। बताया कि घटना स्थल पर शव से काफी दूर कैप पड़ी हुई थी। उसके बाद चप्पल भी शव से दूर मिली है। जिस खंभे से टकराने की बात की गई। उसमें खरोंच तक नहीं आई है और उससे बाइक की हेड लाइट नहीं टूट सकती है क्योंकि वह मोड़ के संकेतक खंभे है जो बमुश्किल ढाई से तीन फीट ही ऊंचे है। जिससे ऐसा लगता है कि उसके पति की हत्या कर दुर्घटना का रूप दिया गया है।

# सड़क हादसे में चरवाहे की मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

तीन घंटे तक आवागमन रहा ठप

**हमीरपुर।** मार्ग दुर्घटना में चरवाहे व दो भैंसों की मौत होने पर नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सुमेरपुर बांदा मार्ग में पचखुरा मोड़ के पास जाम लगा दिया। इससे दोनों ओर रोडवेज बसों सहित अन्य वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के साथ ही डीसीएम का नंबर खोज कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। सूचना पर सदर एसडीएम व सीओ सदर मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर जाम खुलवाया। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा निवासी हरीप्रसाद पाल 4० वर्ष गत शुक्रवार को भैंस चराकर खेतों से घर वापस आ रहा था। तभी शाम करीब छह बजे बांदा रोड पर पचखुरा मोड के निकट तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे व उसकी भैंसों को जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे एक भैंस की मौके पर मौत हो गई थी तथा दूसरी भैंस की मौत रात में हो गई थी। चरवाहे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया था। जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव के पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को गांव लाने के बाद घटना करने वाली डीसीएम का नंबर पता न चलने से नाराज परिजनों ने रविवार सुबह साढ़े सात बजे ग्रामीणों के सहयोग से बांदा मार्ग में पचखुरा मोड़ के पास शव रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। इस पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक व सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे और परिजनों को सरकार द्वारा हरसंभव मदद दिलाये जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## रावण दहन के साथ परंपरागत ढंग से मना दशहरा

### अश्व एवं शस्त्र पूजन भी हुआ

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 में सभासद के नेतृत्व में बीती रात रावण के पुतले का दहन करके दशहरा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में दशहरा पर्व परंपरागत ढंग से उत्साह के साथ मना। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में बाल युवा कमेटी ने ग्रीन लाज के पीछे सभासद राजू गुप्ता के नेतृत्व में रावण के पुतले का दहन करके दशहरा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया। यहां पर हरिओम अवस्थी, अभिषेक गुप्ता, यश गुप्ता, सत्यम शिवहरे, युवराज शिवहरे, आदित्य गुप्ता, अंश सिंह, रितिक गुप्ता, अंशु गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में दशहरा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ परंपरागत ढंग से अश्व एवं शस्त्र पूजन करके मनाया गया।

# पूनम बनी बाइक विजेता रामलीला मैदान मे हुआ लकी ड्रा



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के रामलीला मैदान में नवदुर्गा महोत्सव मंडल द्वारा आयोजित लकी ड्रा का थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कस्बे की पूनम देवी बाइक जीतने में सफल रही। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवदुर्गा महोत्सव मंडल की ओर से लकी ड्रा का आयोजन कराया गया। लकी ड्रा का शुभारंभ थानाध्यक्ष ने संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री के साथ संयुक्त रूप से किया। कस्बे की कन्याओं के हाथों कूपन निकलवाकर परिणाम घोषित किए गए। कस्बे की पूनम देवी बाइक जीतने में सफल रहे। कुल 251 पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डा. शिवम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, वीरेंद्र शुक्ला, सोनू गुप्ता, पूर्व सभासद वीरेंद्र गुप्ता, डा. भवानीदीन प्रजापति आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राधे शुक्ला ने किया।

# मैकेनिक गया था बिगड़ी एसी ठीक करने- बन बैठा साहब



**बस्ती।** घटना 4 सितंबर की देर शाम की बताई जा रही है। एक्सईएन कक्ष की एसी ठीक करने के लिए शाम को मैकेनिक बुलाया गया था। वह कक्ष खाली देख एक्सईएन की कुर्सी पर बैठ फोटो खिंचवा लिया। अगले दिन उसे वाहवाही में वायरल भी कर दिया। कुर्सी पर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में तरह- तरह की चर्चाएं हो रही है। बस्ती में पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन की कुर्सी पर बैठे हुए एक अनाधिकृत व्यक्ति की फोटो शनिवार को वायरल हो गया। इसी के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। आनन- फानन एक्सईएन ने अपने चौकीदार को निलंबित कर दिया। वैसे पीडब्ल्यूडी की सभी शाखाओं में इस घटना की चर्चा पूरे दिन रही। हंसते- हंसते लोग यह भी बोल पड़े- कि एक्सईएन साहब अपनी कुर्सी भी सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। घटना 4 सितंबर की देर शाम की बताई जा रही है। एक्सईएन कक्ष की एसी ठीक करने के लिए शाम को मैकेनिक बुलाया गया था। वह कक्ष खाली देख एक्सईएन की कुर्सी पर बैठ फोटो खिंचवा लिया। अगले दिन उसे वाहवाही में वायरल भी कर दिया। कुर्सी पर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में तरह- तरह की चर्चाएं हो रही है। दरअसल प्रांतीय खंड के एक्सईएन का पद एक महीने से रिक्त चल रहा है। यहां का अतिरिक्त कार्यभार पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड- एक के एक्सईएन अवधेश प्रसाद को सौंपा गया है। शनिवार को वह अपने मूल तैनाती वाले कक्ष में बैठकर प्रांतीय खंड के इंजीनियरों को बुलाकर विभागीय कामकाज निपटा रहे थे। इसी के कुछ देर बाद उनके अतिरिक्त चार्ज वाले कार्यालय में एक्सईएन की कुर्सी पर बैठे हुए एक अनाधिकृत व्यक्ति की फोटो वायरल होने लगी। एक्सईएन ने आनन- फानन में चौकीदार बनवारी लाल को निलंबित कर दिया। एक्सईएन अवधेश कुमार ने बताया कि कुर्सी पर बैठा युवक तीन- चार साल से विभाग में एसी मैकेनिक के रूप में रिपेयरिंग आदि कार्य के लिए आता रहता है। मेरे कक्ष की एसी खराब थी। इसलिए मैंने कामकाज खत्म होने के बाद शाम को उसे ठीक करने के लिए बुलवाया था। चौकीदार बनवारी लाल की उस समय ड्यूटी लगाई गई थी। इसी बीच मौका पाकर मैकेनिक मेरी कुर्सी पर बैठकर अपने हेल्पर से फोटो खिंचवा ली और अगले दिन वायरल कर दिया। उसे हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। यह अफवाह है।





# बचपन की तस्वीरें शेयर कर भावुक हुई कंगना रनोट

## कहा- बचपन में पैसे बचाकर कैमरा खरीदा, जहां जाती थी पोज कर तस्वीरें क्लिक करवाती थी

रनोट ने हाल ही में अपनी बचपन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो पोज करती नजर आई हैं। बचपन की खास झलक दिखाते हुए कंगना ने बताया है कि उन्होंने थोड़े-थोड़े पैसे जोड़कर बचपन में एक कैमरा लिया था और वो मौका मिलते ही अपनी तस्वीरें क्लिक करवाने लगती थीं। कंगना ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा है, श्जब भी मैं पुरानी तस्वीरें देखती हूं, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाती हूं। मैं बहुत फनी बच्ची थी। मैंने अपनी सेविंग्स से एक छोटा सा कैमरा खरीदा था और मैं हमेशा अपनी तस्वीरें क्लिक करवाती रहती थी। जब भी पापा हमें बाहर लेकर जाते थे, तब भले ही वो एक मिनट के लिए कार रोकें, लेकिन मैं तुरंत कार से उतरकर पोज देने लगती थी।श् दूसरी तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा है, श्जब भी मुझे पढ़ने को कहा जाता था, मैं कमरा बंद करके खुद को ऐसा बनाती थी और पोज करती थी।श्अगली तस्वीर में कंगना लिखती हैं, श्जब भी मुझे किचन गार्डन से सब्जियां लाने को कहा जाता था, मैं उन बेचारे पौधों को प्रॉप की तरह इस्तेमाल करती थी और पोज करती थी। प्लीज मेरे पीछे खड़े गांव के बच्चों का एक्सप्रेशन देखना न भूलें।श् एक तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा है, श्जाहिर है कि मेरे अंदर का डायरेक्टर हमेशा मिरर के रिफ्लेक्शन से आकर्षित हो रहा है। ये कितना अच्छा पोज है।श् बताते चलें कि आज कंगना रनोट के छोटे भाई अक्षत का जन्मदिन है। कंगना ने सबसे पहले भाई के साथ बचपन की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि उनकी दादी ने मंदिर में उनसे भाई मांगने को कहा था। इस पर कंगना ने लिखा, श्जब मैं बहुत छोटी थी, तब मेरी दादी मुझे मंदिर लेकर गई थीं। उन्होंने मेरे हाथ जोड़े और कान में आकर कहा, मांगो माता से भैया मांगो। भले ही मुझे उस समय भैया का मतलब नहीं पता था, लेकिन मैंने आंखें बंद कीं और पूरे दिल से दुआ की। शुक्र है भैया हैं। हैप्पी बर्थडे अक्षत रनोट।श् 'तनु वेड्स मनु-3' में ट्रिपल रोल कर सकती हैं कंगनारूआर माधवन संग फिर जमेगी जोड़ी, पूरी हुई फिल्म की स्क्रिप्ट खबर है कि डायरेक्टर आनंद एल राय ने राइटर हिमांशु शर्मा के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट को पूरा कर लिया है। खास बात यह है कि फिल्म में इस बार कंगना रनोट ट्रिपल रोल में नजर आ सकती हैं। पूरी खबर पढ़िए... कंगना की श्इमरजेंसीश् पर बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाईरूब्ठथ्ब् के बदलाव मंजूर, अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को जी स्टूडियोज के वकील ने कोर्ट में बताया कि उन्होंने रिवाइजिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए बदलाव मान लिए हैं। उन्होंने इन बदलावों को लागू करने के लिए एक फॉर्मेट भी बना लिया है जिसे सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (ब्ठथ्ब्) को सौंप दिया है। कंगना रनौत ने ट्विटर पर शेयर कीं तस्वीरें कंगना रनौत ने अपने ट्विटर हैंडल पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में मुरब्बा है, दूसरी तस्वीर में वह मुरब्बा खा रही हैं और तीसरी तस्वीर में पेड़ पर लगे नींबू नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ कंगना रनौत ने लिखा, श्माता पिता के घर पर अपने बचपन की यादें ताजा करते हुए। गलगल खट्टा को बहुत सारी हरी मिर्चों, ताजे धनिए, चीनी और नमक में मिला दिया जाता है। ये आपकी नर्व्स में इतना तेज स्पंदन भेजता है जिसे आप संभाल भी नहीं पाएंगे। हाहाहा इसे आजमाइए।श् भाई की शादी के फंक्शन के वीडियोज और फोटोज किए शेयर बीते दिनों कंगना रनौत अपने भाई की शादी के फंक्शन के वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर रही थीं। बताते चलें कि उनके एक भाई की शादी हुई है और दूसरे भाई की शादी अगले महीने नवंबर में हैं। कंगना रनौत की आने वाली फिल्में वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत आखिरी बार डायरेक्टर अश्विवी अय्यर तिवारी की फिल्म श्पंगाश् में नजर आई थीं। इस फिल्म को दर्शकों ने पसंद किया था। अब कंगना रनौत श्थलाइवीश, श्तेजसश् और श्धाकड़श् जैसी फिल्मों में काम कर रही हैं।

फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों म` बनी हुई कंगना

# सिद्धार्थ शुक्ला के लिए इनसिक्योर थीं शहनाज गिल



शहनाज गिल और दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला बिग बॉस 13 का हिस्सा थे। दोनों एक-दूसरे के साथ काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते थे। हालांकि, उन्होंने कभी अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल नहीं किया था। इसके बाद 2021 में सिद्धार्थ का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। अब शहनाज ने एक्टर के लिए अपनी फीलिंग्स के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, 'मैं उसके लिए काफी पजेसिव थी, क्योंकि वो काफी हैंडसम था।' मैं सिद्धार्थ के लिए काफी पजेसिव थी- शहनाज गिल शहनाज गिल ने हाल ही में फराह खान के साथ सिद्धार्थ शुक्ला संग अपने रिश्ते के बारे में बात की। शहनाज ने कहा, 'मुझे लुक्स की ज्यादा परवाह नहीं है, लेकिन मैं एक बहुत जलने वाली गर्लफ्रेंड हूं। मैं सिद्धार्थ के लिए काफी पजेसिव थी, क्योंकि वो काफी हैंडसम था। अगर कोई इतना अच्छा दिखता है, तो पजेसिव और इनसिक्योर फील करना नेचुरल होता है।' 'मैं काफी वफादार हूंशहनाज से जब पूछा गया कि फ्यूचर में वह किस तरह के शख्स से शादी करना चाहेंगी तो शहनाज ने कहा, 'मैं काफी वफादार हूं। मैं ये सोचती हूं कि अगर मैं किसी के साथ हूं तो उसी के साथ अपना पूरा जीवन बिताऊं। लेकिन हां मैं ये भी मानती हूं कि किसी भी रिश्ते में सबसे बड़ा योगदान किस्मत का होता है।श श्मुझे गिफ्ट्स-पैंपरिंग काफी पसंद हैश् शहनाज ने आगे कहा, 'मैं फाइनेंशियली और प्रोफेशनली, दोनों बराबर चाहती हूं। अगर उसका स्टेटस मेरे से ऊपर होता है तो मुझे परेशानी होगी। मैं उस तरह की लड़की हूं जो खर्चों को बराबर बांटने पर भरोसा करती है। मैं एक अल्फा महिला हूं। मुझे पसंद नहीं आता की कोई पुरुष मेरे ऊपर पैसे खर्च करें। लेकिन, हां मुझे गिफ्ट्स और पैंपरिंग काफी पसंद है।' बिग बॉस-13 में हुई थी सिद्धार्थ-शहनाज की मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की मुलाकात टीवी के कंट्रोवर्सियल शो बिग बॉस 13 में हुई थी। इस शो के दौरान ही दोनों की नजदीकियां बढ़ गईं। शो खत्म होने के बाद भी दोनों एक दूसरे के संपर्क में रहे थे। उनकी डेटिंग की भी खबरें थीं। लेकिन फिर 2021 में सिद्धार्थ का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। दोनों को साथ में आखिरी बार रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी और डांस दीवाने में देखा गया था। शहनाज ने सिद्धार्थ को दिया था म्यूजिकल ट्रिब्यूट सिद्धार्थ के निधन के लगभग दो महीने बाद शहनाज ने एक्टर को म्यूजिकल ट्रिब्यूट दिया था। उनके इस गाने का नाम श्तू यहीं हैश् है। इस गाने को शहनाज ने खुद अपनी ही आवाज में गाया है।

# पैसे के लिए बनीं वेट्रेस



बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने से पहले कई नौकरियां की हैं. ऐसी ही एक एक्ट्रेस है जिन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले 15 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था. ये एक्ट्रेस सुपरस्टार की बेटी हैं और अब इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बना चुकी है. जिस एक्ट्रेस की हम बात कर रहे हैं वो सोनम कपूर हैं. सोनम ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वेट्रेस की नौकरी की थी. इस बारे में सोनम ने एक बार खुद खुलासा किया था. सोनम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 15 साल की उम्र में जब वो सिंगापुर में पढ़ाई कर रही थीं तब उन्होंने एक चाइनीज रेस्टोरेंट में वेट्रेस की नौकरी की थी. पॉकेट मनी के लिए की थी नौकरी सोनम कपूर ने बॉलीवुड में कदम रखने से पहले सिंगापुर के यूनाइटेड वर्ल्ड कॉलेज ऑफ साउथ-ईस्ट एशिया में थिएटर और आर्ट्स की पढ़ाई की थी. पढ़ाई करने के बाद ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था. सिंगापुर में अपनी पॉकेट मनी के लिए सोनम ने चाइनीज रेस्टोरेंट में वेट्रेस की नौकरी की थी. सोनम कपूर ने अपनी जर्नी संजय लीला भंसाली को फिल्म श्ब्लैकश् में असिस्ट करके शुरू की थी. श्ब्लैकश् में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी लीड रोल में नजर आए थे. असिस्टेंट डायरेक्टर के बाद सोनम ने संजय लीला भंसाली की फिल्म श्सांवरियाश् से डेब्यू किया था. इस फिल्म में सोनम के साथ रणबीर कपूर लीड रोल में नजर आए थे. श्सांवरियाश् के बाद सोनम ने श्नीरजाश, श्वीरे दी वेडिंगश, श्आयशाश, श्एक लड़की को देखा तो ऐसा लगाश, श्संजूश् जैसी कई फिल्मों में काम किया है. सोनम ने शादी के बाद अब एक्टिंग से थोड़ी दूरी बना ली है. लंबे समय से उनकी कोई फिल्म नहीं आई है. इस समय में वो अपने बेटे वायु की परवरिश में लगी हुई हैं.

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ लखनऊ से प्रकाशित
मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024


# रवि बिश्नोई टी20 में 50 विकेट लेने वाले सबसे युवा भारतीय, अर्शदीप–बुमराह को पछाड़ाय मयंक भी चमके




**हैदराबाद।** भारत ने हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 में 133 रन से हरा दिया। संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव की शानदार पारियों के बाद रवि बिश्नोई ने भी कहर बरपाया। उन्होंने चार ओवर के अपने कोटे में 30 रन देकर तीन विकेट झटके। बिश्नोई ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो, लिटन दास और रिशाद हुसैन के विकेट झटके। नजमुल ने 14 रन, लिटन ने 25 गेंद में 42 रन बनाए। वहीं, रिशाद को बिश्नोई ने खाता नहीं खोलने दिया। लिटन का विकेट लेते ही बिश्नोई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 विकेट पूरे कर लिए। वह अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ते हुए 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। रवि बिश्नोई ने अपने स्पेल की शुरुआत ही विकेट ओवर मेडन के साथ किया था। अपने पहले ही ओवर में उन्होंने शांतो को पवेलियन भेजा। फिर अपने तीसरे ओवर में लिटन और आखिरी ओवर में रिशाद को आउट किया। 50 विकेट पूरे करते वक्त रवि बिश्नोई की उम्र 24 साल और 37 दिन की रही। वहीं, अर्शदीप ने ऐसा 24 साल और 196 दिन की उम्र में किया था। जसप्रीत बुमराह ने ऐसा 25 साल और 80 दिन की उम्र में किया था। इतना ही नहीं रवि बिश्नोई मैचों के हिसाब से अर्शदीप के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज हैं। रवि और अर्शदीप ने संयुक्त रूप से इसके लिए 33-33 मैच लिए हैं। वहीं, युजवेंद्र चहल ने 34 मैच और जसप्रीत बुमराह ने 41 मैच खेलने के बाद 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे किए थे। भारत के लिए सबसे तेज 50 ज्20प् विकेट (मैच के हिसाब से) गेंदबाज मैच कुलदीप यादव 3 0 अर्शदीप सिंह 33 रवि बिश्नोई 33 युजवेंद्र चहल 34 जसप्रीत बुमराह 41 इसके अलावा मयंक यादव ने बांग्लादेश की पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने परवेज हुसैन इमोन को रियान पराग के हाथों कैच कराया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में चौथी बार है जब कोई बांग्लादेशी बल्लेबाज पारी की पहली ही गेंद पर आउट हुआ। इससे पहले तमीम इकबाल दो बार और तंजीद हसन एक बार पारी की पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं। इतना ही नहीं मयंक पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले भारत के चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऐसा भुवनेश्वर कुमार ने तीन बार और हार्दिक पांड्या-अर्शदीप सिंह ने एक-एक बार ऐसा किया है। मैच की बात करें तो बल्लेबाजों के बाद स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में 133 रनों से हराया। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की यह सीरीज 3-0 से जीत क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन के शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सका। भारत के लिए बिश्नोई ने तीन विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव को दो विकेट मिले। बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदोय 42 गेंदों पर 63 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में भी 2-0 से क्लीन स्वीप किया था और अब टी20 सीरीज में भी सूपड़ा साफकरने में सफल रहे। भारत ने इस मैच में अपने टी20 इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था और शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाज बांग्लादेश पर दबाव बनाने में सफल रहे।

## रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया



**स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चौंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं।**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चौंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफसेपांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफकिया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफसे एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने जगरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चौंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

# भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कोच यानेक शॉपमैन लौटीं भारत, इंडिया में औरतों की इज्जत नहीं होने का लगाया था आरोप

**महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया के माहौल को लेकर काफी कुछ कहा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में औरतों की बातों की अहमियत नहीं है। अब वही शॉपमैन भारत लौट आई हैं।**



भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया के माहौल को लेकर काफी कुछ कहा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में औरतों की बातों की अहमियत नहीं है। अब वही शॉपमैन भारत लौट आई हैं। एक बार फिर कोचिंग स्टाफका हिस्सा लेंगी लेकिन इस बार भारतीय टीम के डगआउट में नजर नहीं आएंगी। हॉकी इंडिया लीग में रविवार को पुरुष टीमों ने बोली लगाई। ऑक्शन के दौरान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ भी मौजूद थे। इस दौरान यानेक शॉपमैन भी ऑक्शन रूम में दिलाई दी। वह 15 अक्टूबर को ओडिशा महिला टीम की टेबल पर भी नजर आ सकती है। उन्हीं लोगों के बीच जिन पर उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए थे और फिर भारत छोड़कर चली गई थीं। शॉपमैन ओडिशा की महिला टीम का हिस्सा हैं। उन्हें बतौर टेक्निकल डायरेक्टर टीम से जोड़ा गया है। इसी जिम्मेदारी के लिए शॉपमैन वापस आई हैं। ओडिशा वही राज्य है जहां शॉपमैन आखिरी बार महिला टीम के साथ नजर आईं। भारतीय महिला टीम ने उनके कोच रहते हुए ओडिशा में ही ओलंपिक क्वालिफायर खेला था। भारत टॉप 3 में नहीं पहुंचा और पेरिस का टिकट हाथ से निकल गया। बता दें कि, शॉपमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देते हुए उन्होंने कई गंभीर बयान दिए। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उन्होंने कहा था कि भारत ऐसा देश हैं जहां महिलाओं की बातों को, उनकी सोच को अहमियत नहीं दी जाती है। साथ ही उन्होंने हॉकी इंडिया पर महिला और पुरुष टीम के बीच भेदभाव करने का भी आरोप लगाया था।

### 7 साल बाद हॉकी लीग ऑक्शन की वापसी, हरमनप्रीत सिंह समेत 1000 खिलाड़ियों की किस्मत का होगा फैसला

सात साल बाद भारत में हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। इस लीग के साथ देश में हॉकी उत्थान की नई शुरुआत हो रही है। लीग में 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला होगा। पुरुष और महिला लीग के लिए 13 से 15 अक्टूबर तक दिल्ली में ऑक्शन होने वाला है। ऑक्शन में कई बड़े चेहरों पर नजर रहेगी।




# कौन है निशांत सरनु?



रणजी ट्रॉफी में निशांत सरनू ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफहैदराबाद के लिए डेब्यू किया। इस 6 फुट 9 इंच लंबे गेंदबाज ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। पिछले साल, हैदराबाद के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान टीम के लिए नेट बॉलर का काम किया था। इस दौरान उन्होंने टीम के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल का ध्यान भी अपनी ओर खींचा था जो मौजूदा समय में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच हैं। इस साल की शुरुआत में जब भारत टेस्ट मैच के लिए हैदराबाद में था, तो निशांत ने कोच राहुल द्रविड़ का ध्यान भी अपनी ओर खींचा था। पिछले आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस में जसप्रती बुमराह एंड कंपनी के साथ नेट बॉलर के रूप में काम भी किया था। निशांत की तीन साल पहले तक क्रिकेट से कोई वास्ता नहीं था 2021 की शुरुआत में उनके क्रिकेट को अपनाने की एकमात्र कारण वजन कम करना था। बता दें कि, उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मैं बहुत मोटा था और मेरा वजन 102 किलो था। निशांत ने हैदराबाद में कोचिंग बियांड एकेडमी से क्रिकेट के गुर सीखे हैं। इस एकेडमी को पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर चलाते हैं, उन्होंने कहा था कि मैंने बैडमिंटन खेलने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। मैंने टेनिस भी खेलने की कोशिश की लेकिन फिर असफल रहा। इसलिए मैंने मनोरंजन के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया और उसके बाद सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि मुझे भी आश्चर्य होता है कि आखिर हुआ क्या था? क्योंकि मुझे लगता था कि मैं खेलों के लिए नहीं बना हूं। निशांत ने वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के लिए नेट बॉलर की भूमिका भी निभाई थी। उस दौरान पाकिस्तान के कुछ टॉप खिलाड़ियों ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा कि, मेरे पास बहुत ज्यादा गति नहीं थी, लेकिन हारिस राउफने मुझसे कहा कि एक बार तुम 18 पार कर जाओगे, तो तुम और ज्यादा मांसपेशियां बना लोगे और गति अपने आप आ जाएगी। और हुआ भी यही, मोर्केल सर ने भी यही बात कही और मेरा फोन नंबर भी लिया।

# अगर ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया हार गई तो हो जाएगी मुश्किल, जानें सेमीफाइनल का पूरा समीकरण

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत का अगला मुकाबला



ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को शारजाह में मैच खेला जाएगा, जो की भारतीय टीम के लिए बेहद अहम है। अगर ऑस्ट्रेलिया ने मैच जीता तो टीम इंडिया के लिए मुश्किल हो जाएगी। ऐसी स्थिति में समझिए सेमीफाइनल में पहुंचने का पूरा समीकरण। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। उसने तीन मैच खेले हैं और सभी जीते हैं और 6 पॉइंट्स लेकर बैठी है। अगर कंगारू टीम ने भारत को हरा दिया तो सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। अगर टीम इंडिया ने जीत हासिल की तो उसकी उम्मीदें भी सेमीफाइनल में पहुंचने की होगी। भारत को बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, इससे नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया से बेहतर हो जाएगा। भारत के पास अभी भी 4 पॉइंट्स हैं, जो कि ऑस्ट्रेलिया से कम हैं। अगर भारत हारा तो... लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया तो फिर टीम इंडिया की दिक्कतें बढ़ जाएंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस ने ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल जीता। उसके बाद गुरुवार को भारतीय पुरुष टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। दरअसल, कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत को चीनी ताइपे से 0-3 से हार झेलनी पड़ी। जिसके बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप में पुरुष टीम स्पर्धा में ये भारत का लगातार तीसरा पदक था। जिसने 2021 और 2023 सीजन में कांस्या पदक जीते थे। कुल मिलाकर ये महाद्वीपीय टेबल टेनिस मीट में भारत का सातवां मेडल था, जिसमें से सभी सात कांस्य पदक थे। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों को अपने उच्च रैंक वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफशुरु से ही कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पांच बार के ओलंपियन और दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी लिन युन जू के खिलाफपहले मैच में भारत का नेतृत्व किया। शरत दूसरे और तीसरे गेम में बढ़त बनाए रखने के बावजूद इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें 3-0 से हार का सामना करना पड़ा।

### बेटी सारा के जन्मदिन पर सचिन तेंदुलकर ने अनदेखी तस्वीर शेयर किया भावुक पोस्ट, भाई अर्जुन ने भी दी बधाई

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर 12 अक्टूबर को अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर सचिन ने बेटी की अनदेखी तस्वीर शेयर कर दिल छूने वाला कैप्शन लिखा। वहीं भाई अर्जुन ने भी बहन के लिए पोस्ट किया। बता दें कि, सचिन ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर कीं, जहां पहली तस्वीर में सारा बहुत छोटी सी उनकी गोद में बैठी हुई हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह सारा के साथ सोफे पर बैठे हुए हैं जहां उनके दो पालतू कुत्ते भी दिख रहे हैं। सचिन ने कैप्शन में लिखा कि, एक छोटे से वंड से लेकर एक वंडरफुल और तक, तुमने मुझे हमेशा एहसास दिलाया है कि मैं कि कितना लकी हूं कि तुम मेरी जिंदगी में हो। तुम्हारी वजह से मेरा दिल प्यार से भर जाता है। जन्मदिन मुबारक सारा। सचिन के साथ भाई अर्जुन ने भी बहन सारा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है जिसमें वो सारा के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि, जन्मदिन मुबारक सारा।

### सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड पर जो रूट की नजर, टेस्ट क्रिकेट का बदलेगा इतिहास

इन दिनों जो रूट अपने बल्ले से गर्दा उड़ा रहे हैं, दुनिया का हर एक बल्लेबाज ऐसी ही फॉर्म की चाह रखता है। वो इस साल टेस्ट मैचों में 65 से ज्यादा के औसत से रन बना रहे हैं और महज 12 मैचों में 1,248 रन बना चुके हैं। इसी फॉर्म के आधार पर अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि रूट कुछ ही समय में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे। पाकिस्तान के खिलाफमुल्तान में 262 रनों की शानदार पारी खेल चुके जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 12,664 रन बना लिए हैं। एक ब्रिटिश मीडिया चौनल अनुसार जो रूट ने कहा कि, मैं अभी कुछ नहीं कह सकता वो आंकड़ा अभी मुझसे कुछ दूर नजर आता है। रूट ने पाकिस्तान के खिलाफमैच में हैरी ब्रूक के साथ मिलकर 454 रन की पार्टनरशिप की थी जिसके दम पर इंग्लैंड वह मुकाबला पारी और 47 रनों से जीत गया था। जो रूट अब तक 147 टेस्ट मैचों में 12664 रन बना चुके हैं। दूसरी ओर सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मुकाबलों में 15,921 रन बनाए थे। रूट अभी भारत के इस महान बल्लेबाज से 3,257 रन दूर हैं और इस फासले को कम करने में अभी रूट को करीब 3 साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। ये भी बताते चलें कि साल 2020 से पहले जो रूट ने 9 साल टेस्ट क्रिकेट खेलने के बाद 17 शतक लगाए थे, लेकिन कोरोना के खत्म होने के बाद उन्होंने जैसे शतक बनाने और रन बनाने के मामले में सबसे आगे निकलने का लक्ष्य बनाया है।

### पाकिस्तान की हार पर आग बबूला हुए शोएब अख्तर, जमकर लगाई अपनी टीम की क्लास

पहले बांग्लादेश और अब इंग्लैंड के खिलाफपाकिस्तान को शर्मनाक हार मिली है। वहीं पाकिस्तान की इस हार के बाद पाकिस्तानी दिग्गजों ने अपना संयम खो दिया है। लाइव टीवी शो में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने जमकर उनकी क्लास लगाई। अख्तर ने पीटीवी स्पोर्ट्स पर लाइव चर्चा के दौरान कहा कि, जो बोएंगे वही काटेंगे। टीम में दर्शकों से मैंने गिरावट ही देखी है।

हालात बहुत निराशाजनक है। हराना ठीक है, लेकिन मैच करीबी होना चाहिए। हालांकि, पिछले दो दिनों में हमने जो देखा, उससे पूरी तरह से उम्मीदें टूट गई हैं। इससे पता चलता है कि हम अच्छा नहीं कर सक रहे हैं। इंग्लैंड ने 800 से ज्यादा रन बनाए और बांग्लादेश ने भी आपको हराया। अख्तर ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि, फैंस कह रहे हैं कि पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। मैंने कुछ कमेंट्स देखे, आईसीसी सोच रहा होगा कि क्या हमें पाकिस्तान में टीमें भेजनी चाहिए और उनका टेस्ट दर्जा बरकरार रखना चाहिए। ये बहुत निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट, फैंस और उभरती प्रतिभाओं को नुकसान

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।